
रविवार, 29 मार्च 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 33 |
| आर्द्रता | 71% |
| सूर्योदय: 05:34 | सूर्यास्त: 17:50 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : संसार में छल और हत्याओं को देखकर मान ही लेना पड़ता है कि यह जगत ही नरक है।



विवाहित व्यक्ति तलाक लिए बिना लिव-इन संबंध में नहीं रह सकते : इलाहाबाद उच्च न्यायालय पृष्ठ 5

# चुनाव से पहले अमित शाह ने तृणमूल सरकार के खिलाफ जारी किया 'आरोपपत्र'

## 40 पृष्ठ के आरोप पत्र में घुसपैठ, भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप



- कहा... 'बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम, ये भय से मुक्ति का चुनाव'
- 'कभी पैंर तुड़वाती, कभी सिर पर पट्टी बंधवा लेती, विक्टिम कार्ड खेलती हैं', शाह का ममता पर तीखा हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक 'आरोपपत्र' जारी किया तथा विधानसभा चुनाव को देश की सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए भाजपा के प्रचार अभियान को और तेज कर दिया। शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इसके 15 साल के शासन के दौरान बंगाल देश के लिए 'घुसपैठ, तुष्टीकरण की राजनीति और सीमा पर असुरक्षा का प्रमुख गलियारा' बन गया है। उन्होंने कहा कि ममता ने हमेशा 'विक्टिम कार्ड' की राजनीति खेली है। कभी वह अपनी चोट की बात करती हैं, तो कभी निर्वाचन आयोग को भला-बुरा कहती हैं। लेकिन बंगाल की जनता अब ममता की 'विक्टिम कार्ड' वाली इस राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है। शाह ने ममता पर निशाना साधते हुए कहा कि वह 'अल्पसंख्यक वोट बैंक' को बचाने के लिए जानबूझकर इस तरह की चीजें कर रही हैं। शाह ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अन्य राज्यों में भी हुआ है, लेकिन कहीं भी इसे इतना बड़ा मुद्दा नहीं बनाया गया। बंगाल में इसे मुद्दा सिर्फ इसलिए बनाया गया है, क्योंकि ममता बनर्जी अपने वोट बैंक को बचाना चाहती हैं। निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक निकायों का अपमान करना बंगाली संस्कृति का हिस्सा नहीं है।

शाह ने आरोप लगाया कि अब पश्चिम बंगाल 'आखिरी बचा हुआ रास्ता' बनकर उभरा है, जिसके ज़रिए घुसपैठिए भारत में प्रवेश करते हैं और अलग-अलग राज्यों में फैल जाते हैं। शाह ने कहा कि बंगाल चुनाव न केवल बंगाल के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरह से, पूरे देश की सुरक्षा बंगाल चुनाव से जुड़ी हुई है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की सीमाओं से होने वाला अवैध प्रवासन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गया है। शाह ने कहा कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा 'तृणमूल सरकार की तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति' के कारण खतरे में पड़ गई है। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र के बार-बार अनुरोध के बावजूद, ममता सरकार ने बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जरूरी जमीन उपलब्ध नहीं कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार को समझाने की कई कोशिशों के बावजूद, तृणमूल सरकार ने सीमावर्ती इलाकों में बाड़ लगाने के लिए ज़मीन उपलब्ध नहीं कराई है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों का एक वोट बैंक बनाना चाहती है। शाह ने कहा कि अगर बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है, तो वह 45 दिन के भीतर केंद्र सरकार को जरूरी जमीन सौंप देगी। शाह ने कहा कि आगामी चुनाव में बंगाल को डर और भरोसे में से किसी एक को चुनना होगा। पिछले 15 वर्षों से राज्य में डर, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का राज चल रहा है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने झूठ और हिंसा का इस्तेमाल करके अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने का एक नया तरीका ईजाद किया है। तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने का आधार झूठ, डर और हिंसा है। लेकिन 2011 से, भाजपा इनके खिलाफ लड़ रही है।

### भाजपा ने 14 मुद्दों पर ममता सरकार को घेरा

- **भ्रष्टाचार –** सरकारी योजनाओं में बड़े घोटालों के आरोप
- **कानून-व्यवस्था–** अपराध बढ़ने और पुलिस पर सवाल
- **महिलाओं की सुरक्षा–** महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि
- **सिंडिकेट राज–** निर्माण और ठेकों में कथित दबदबा
- **बेरोजगारी–** युवाओं के लिए सीमित अवसर
- **शिक्षा व्यवस्था–** भर्ती घोटाले और अव्यवस्था
- **स्वास्थ्य सेवाएं–** अस्पतालों की बदहाल स्थिति
- **किसानों की समस्या–** पर्याप्त समर्थन और राहत की कमी
- **कट मनी कल्चर–** योजनाओं में कथित कमीशनखोरी
- **इंफ्रास्ट्रक्चर–** विकास कार्यों में सुस्ती
- **उद्योग और निवेश–** नए निवेश की कमी
- **घुसपैठ–** सीमा सुरक्षा और अवैध प्रवेश का मुद्दा
- **राजनीतिक हिंसा–** विपक्षी कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोप
- **प्रशासनिक पक्षपात–** सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आरोप

# अमित शाह के 'आरोपपत्र' के जवाब में तृणमूल कांग्रेस ने भी जारी किया आरोप पत्र

## भाजपा पर भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा में विफलता का आरोप

- केंद्र की आर्थिक नीतियों और बंगाल से भेदभाव पर सवाल
- पार्टी ने 'मोटा भाई, जवाब चाई' नारे के साथ किया पलटवार



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शनिवार को ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ 'आरोपपत्र' जारी करने के कुछ घंटे बाद तृणमूल कांग्रेस ने इसी तरह का दस्तावेज जारी किया और भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाए। तृणमूल कांग्रेस ने इसमें भाजपा पर चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में धुव्रीकरण करने और महिलाओं की सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर अपने कदमों के लिए जवाबदेही से बचने का आरोप लगाया गया। शाह की प्रेसवार्ता के कुछ घंटों बाद, तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने मणिपुर में लंबे समय से जारी हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा और अवैध अप्रवासन से निपटने के केंद्र के तरीके को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से सवाल किए। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रात्य बसु, महुआ मोइत्रा और कीर्ति आजाद ने एक संयुक्त प्रेसवार्ता की, जहां तीनों ने महिलाओं की सुरक्षा पर तृणमूल सरकार की आलोचना करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री को निशाना बनाया। तृणमूल सांसद मोइत्रा ने कहा कि अमित शाह महिलाओं की सुरक्षा की बात कर रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा की क्या स्थिति है? शाह को सबसे पहले मणिपुर में हो रही हिंसा का जवाब देना चाहिए, जहां पिछले तीन वर्षों से लगातार रक्तपात हो रहा है। शाह के आरोपों को खारिज करते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि भाजपा एक दशक से अधिक समय से केंद्र में सत्ता में है और कई सीमावर्ती राज्यों में शासन कर रही है। ब्रात्य बसु ने कहा कि भाजपा केंद्र में सत्ता में है। यह 15 राज्यों और अधिकांश सीमावर्ती राज्यों में शासन करती है, जहां से घुसपैठ हो रही है। अमित ह स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री हैं। तो आखिर वह किस बात का इंतजार कर रहे हैं? केंद्र सरकार के घुसपैठ के दावों पर सवाल उठाते हुए शिक्षा मंत्री ने पूछा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय अवैध प्रवासियों की पहचान करके उन्हें निर्वासित करने में क्यों 'विफल' रहा। उन्होंने पूछा कि भाजपा नियंत्रित निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में पाए गए विदेशी नागरिकों के नाम जारी करने में क्यों विफल रहा है? बसु ने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल में फूट डालने के लिए घुसपैठ के मुद्दे का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाली और बांग्लादेशी के बीच की रेखा को धुंधला करना चाहती है ताकि वे अपने नफरत भरे असम-शैली के निरुद्ध शिविर मॉडल को बंगाल में ला सकें। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि यदि घुसपैठ एक समस्या बनी रहती है तो इसकी मुख्य जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, जो देश की सीमाओं और सुरक्षा तंत्र को नियंत्रित करती है।

# बंगाल को तबाह करने की कोशिश से भाजपा देश में सत्ता गंवा देगी : ममता

## कहा... 'भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए चुनाव आयोग कर रहा हैं अधिकारियों का तबादला'

**आरोप... 'मैं निर्वाचित मुख्यमंत्री हूं, लेकिन उन्होंने सारी शक्तियां छीन ली'**



**रानीगंज/पुरुलिया :** तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल को तबाह करने की कोशिश में भाजपा देश में अपनी सत्ता गंवा देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। इस दिन, पश्चिम बर्दवान के रानीगंज और पुरुलिया के काशीपुर तथा रघुनाथपुर में लगातार चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि राज्य में लगातार चौथी बार सत्ता में लौटने के बाद वह दिल्ली 'विजय' के लिए भाजपा विरोधी सभी दलों को एकजुट करेंगी। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में भाजपा सत्ता में आती है, तो वे बुलडोजर चलाकर सबको बाहर निकाल देंगे। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा की साजिश 'बंगाल का राज्य का दर्जा खत्म करने' की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल को तबाह करने की कोशिश करके, भाजपा पूरे देश में अपनी सत्ता खो देगी। ममता ने दावा किया कि एसआईआर के ज़रिए 1.20 करोड़ नाम हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक 'लक्ष्मण रेखा' जरूर होनी चाहिए, लेकिन भाजपा सभी सीमाएं लांघ रही है। मुख्यमंत्री ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि एसआईआर आपकी मौत की घंटी साबित होगा। ममता ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस उन लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता देगी जो अपने नाम हटाए जाने के मामले में अधिकरण जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर मतदाता सूची ठीक से प्रकाशित नहीं होती है, तो सभी को वोट डालने की अनुमति मिलनी चाहिए। लोगों के अधिकार छीने नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए वोट का अधिकार चाहते हैं। तृणमूल प्रमुख ने दावा किया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, उन्हें एनआरसी प्रक्रिया के बाद निरोध शिविर में भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम ऐसा हरगिज नहीं होने देंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने बंगाल को निशाना बनाया है, हम दिल्ली को लक्ष्य बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की आड़ में 'लॉकडाउन' लगाने पर विचार कर सकती है। मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई झड़पों का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। ममता ने कहा कि मैं निर्वाचित मुख्यमंत्री हूं, लेकिन उन्होंने सारी शक्तियां छीन ली हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में लौटने के बाद हिंसा के जिम्मेदार सभी लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में राज्य में कई विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिनमें स्टील और बिजली संयंत्रों के आधुनिकीकरण की पहल और ग्रीनफील्ड उद्योगों की स्थापना शामिल है। उन्होंने दावा किया कि इसके विपरीत, चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स-जो मेरे रेल मंत्री रहते समय खूब फल-फूल रहा था-अब बदहाल स्थिति में है। ममता ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में बेरोजगारी को 40 प्रतिशत तक कम किया है और पूरे राज्य में रोजगार के दो करोड़ नए अवसर पैदा किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरी ओर, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के 2014 के अपने वादे को अभी तक पूरा नहीं किया है।

# एसआईआर : तीसरी मतदाता पूरक सूची जारी

**38 लाख विचाराधीन मामलों का निपटारा, 22 लाख मामले अभी भी लंबित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की दूसरी पूरक सूची जारी होने के 24 घंटे बीतते न बीतते शनिवार रात तीसरी पूरक सूची भी जारी कर दी गई। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय की ओर से इसकी पुष्टि की गई है, हालांकि पहली व दूसरी पूरक सूची की तरह इसे लेकर भी अब तक चुनाव आयोग की ओर से कोई प्रेस नोट जारी नहीं किया गया है, जिसके कारण यह पता नहीं चल पाया है कि कितने विचाराधीन मामलों को लेकर यह सूची तैयार की गई है, इनमें कितने लोगों के नाम कटे हैं और इनमें से कितने लोगों के नाम अंतिम मतदाता सूची में जुड़े हैं। सीईओ कार्यालय के सूत्रों के मुताबिक, अब तक 38 लाख विचाराधीन मामलों का निपटारा हो चुका है। बता दें कि पहली पूरक सूची गत 23 मार्च को रात 12 बजे की करीब जारी हुई थी। उसके बाद, 27 मार्च को दूसरी सूची भी लगभग उसी समय जारी की गई थी, लेकिन तीसरी पूरक सूची रात 10 बजे के कुछ ही देर बाद जारी हुई है। आयोग सूत्रों के मुताबिक, पहले चरण के मतदान से पहले ही समस्त विचाराधीन मामलों को निपटारा कर लिए जाने की योजना है। अभी भी 22 लाख मामलों का निपटारा होना बाकी है।

# भारत देशवासियों के भरोसे पूरी शक्ति से पश्चिम एशिया संकट का मुकाबला कर रहा : प्रधानमंत्री मोदी

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन किया

**नोएडा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पश्चिमी एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है और भारत देशवासियों के भरोसे के साथ इस संकट का पूरी शक्ति से मुकाबला कर रहा है। मोदी ने वैश्विक संकट की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा, मैं प्रदेश व देश के सभी राजनीतिक दलों से आग्रह पूर्वक कहना चाहता हूं कि इस प्रकार के संकट से ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने कहा, जो भारतीयों और भारत के हक में है, वही भारत सरकार की नीति और रणनीति हैं। राजनीति के लिए गलत बयानबाजी करने वाले राजनीतिक बहस में कुछ नंबर पाएंगे लेकिन देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को देश की जनता कभी माफ नहीं करती। प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 11,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित नोएडा



अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण समेत कार्गो हब का उद्घाटन करने के बाद जेवर में एक समारोह को संबोधित किया। पृष्ठ 2

# पश्चिम एशिया युद्धः एलपीजी लेकर जग वसंत जहाज गुजरात के वडीनार बंदरगाह पहुंचा



**अहमदाबाद :** पश्चिमी एशिया संकट के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करते हुए भारतीय ध्वज वाला पोत 'जग वसंत' 47,000 टन द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर गुजरात के जामनगर स्थित वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण के एक बयान के अनुसार, कुवैत के मीना अल अहमदी बंदरगाह से सामान लेकर एमटी जग वसंत शुक्रवार रात 8:30 बजे वडीनार बंदरगाह पर पहुंचा। यह बंदरगाह दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण के अंतर्गत आता है। बयान में कहा गया है कि बंदरगाह पर पहुंचने के बाद पोत से पोत में एलपीजी का स्थानांतरण किया जा रहा है। बंदरगाह के एक अधिकारी ने बताया, ''230 मीटर लंबा यह पोत वर्तमान में 17,600 टन एलपीजी को अपने सहायक पोत एमटी रोज गैस में स्थानांतरित कर रहा है, जिसमें लगभग 15 घंटे लगने की उम्मीद है।

# यूएई में बैलिस्टिक मिसाइल के मलबे की चपेट में आने से पांच भारतीय घायल

**दुबई :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को उसके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले मार गिराए जाने के बाद 'खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी' के आसपास उसका मलबा गिरने से पांच भारतीय घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि प्राधिकारियों ने इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि की है। कार्यालय ने कहा, ''संबंधित प्राधिकारी जनता से अपील करते हैं कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें और अफवाहों या अपुष्ट सूचनाओं के प्रसार से बचें।'' इससे पहले उसने खबर दी थी कि अधिकारी 'खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी' के आसपास आग लगने की उन दो घटनाओं पर कार्रवाई कर रहे हैं जो वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोके जाने के बाद मलबा गिरने से हुईं। इससे पहले बृहस्पतिवार को यूएई की हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा रोकी गई मिसाइलों का मलबा अबू धाबी की एक सड़क पर गिरने के बाद उसकी चपेट में आने से एक भारतीय समेत कम से कम दो लोगों की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे।

### पश्चिम एशिया में युद्ध तेज होने के साथ ही ईरान समर्थित हूतियों ने इजराइल पर पहला मिसाइल हमला किया

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने शनिवार तड़के इजराइल की ओर मिसाइल दागने का दावा किया, जो पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद उनका पहला हमला था। इज़राइली सेना ने कहा कि उसने इस प्रक्षेपास्त्र को बीच हवा में ही नष्ट कर दिया। यह युद्ध उस वक्त भड़क गया, जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर एक महीने पहले हमला किया था, उसके जवाब में तेहरान ने इजराइल और खाड़ी के पड़ोसी अरब देशों पर जवाबी हमले किए। इस संघर्ष ने वैश्विक हवाई यात्रा को प्रभावित किया है, तेल निर्यात में बाधा डाली है और ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि कर दी है।

## नवम् पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि



**रीमा देवी जायसवाल**

आप 29.03.2017 को परलोक गमन कर गयीं।
भगवान आपकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

शोकाकुल :
राधेश्याम जायसवाल (पति)
रेशमा जायसवाल (सास), अशोक-सुषमा (पुत्र-पुत्रवधू), मनोज-सोनी (पुत्र-पुत्रवधू), मोनिका-सोनू (पुत्री-दामाद) राजाराम, धरमराज, घनश्याम, प्रदीप (देवर), विग्यांश, वेदांश, शौर्य, अवनीश (पौत्र)


R S ENTERPRISES
45/42, M S P C Lane, Howrah-711101



## आज का पंचांग

**कोलकाता** : 29 मार्च, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, चैत्र शुक्लपक्ष एकादशी, 07:47 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 14:37 तक, योग : धृति, 18:19 तक, सूर्योदय: 05:34, सूर्यास्त: 17:50, चन्द्रोदय : 14:32, चन्द्रास्त: 03:03, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 16:15 से 17:47

## साप्ताहिक : राशिफल
## 29-03-26 से 04-04-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति आप सावधान रहें। क्रोध से बचें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है और इनकम में कमी देखने को मिल सकती है। व्यापारियों के लिए समय कुछ कमजोर रहेगा। खराब समय के बादव्यापार में निवेश करें। नौकरीपेशा जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। आपके अधिकारी आपकी तारीफ करेंगे। अपने प्रिय पात्र को कोई गिफ्ट दे सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में लड़ाई-झगड़े से दूर रहें।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक रहेगा। सेहत के प्रति थोड़ा सावधान रहें। आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। आमदनी बढ़ाने में कोई कमी नहीं रहेगी। व्यापारी मल्टीनेशनल ब्रांड से जुड़कर कार्य करेंगे तो लाभ हो सकता है। नौकरी वाले जातकों का ट्रांसफर हो सकता है। प्रेमी जातक अपने दिल की बात प्रेमी से कह सकते हैं और आपका साथी इसे स्वीकार करेगा। वैवाहिक संबंधों में तनाव देखने को मिल सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छे नतीजे प्राप्त होंगे। कंपटीशन में सफलता प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। पेट से संबंधित समस्या परेशान कर सकती है। आप संतुलित भोजन करें तथा खानपान में नियंत्रण बरतें। आर्थिक स्थिति को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आप अपनी बुद्धिमानी से कुछ पैसा ऐसी जगह लगा सकते हैं, जो भविष्य में काम आएगा। व्यापारियों को एक्सपर्ट की सलाह मिल सकती है, जिससे व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। अधिकारियों से किसी भी प्रकार के विवाद से दूर रहें।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। धन को संचय करने की कोशिश कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में परिवार का सहयोग मिलेगा। व्यापारी व्यापार को लेकर सावधान रहें। नौकरी वाले जातकों को किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों में प्रेमी साथी के साथ निकटता बढ़ सकती है। गृहस्थ जीवन में अहम के कारण क्लेश हो सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा। टेक्निकल पढ़ाई में सफलता मिल सकती है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम रहेगा। अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार पर धार्मिक कार्यों पर धन खर्च करने के बाद भी आप बचत करेंगे। ओवरसीज बिजनेस करने वाले जातकों को फायदा होगा। सामान्य व्यापार वालों को घाटा हो सकता है। नौकरी करने वाले जातको के लिए समय बढ़िया रहेगा। प्रेम संबंधों में मिठास बनी रहेगी और एक दूसरे के प्रति आकर्षण हो सकता है। वैवाहिक संबंधों में जीवनसाथी की परेशानी को दूर करने में मदद करेंगे।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों को इस सप्ताह थोड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सेहत के प्रति सावधान रहें। लापरवाही के चलते तबीयत खराब हो सकती है। आर्थिक स्थिति को लेकर सप्ताह उन्नति वाला रहेगा। एक से अधिक सोर्स से इनकम हो सकती है। व्यापारियों को अधिक मुनाफा मिल सकता है, और आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ सकता है। नौकरीपेशा जातकों को माहौल अच्छा लगेगा और कार्य करने में मन लगेगा। प्रेम संबंधों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम रहेगा। इस सप्ताह आपकी सेहत परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति को लेकर सप्ताह के शुरुआत में इनकम अच्छी होगी, परंतु बाद में थोड़ी सी आमदनी में गिरावट हो सकती है। नौकरीपेशा जातकों की ऑफिस में वैल्यू बढ़ सकती है। प्रेम संबंधों के लिए समय अच्छा रहेगा। अपने प्रिय पात्र को किसी लॉन्ग ड्राइव पर लेकर जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में दूसरे पर शक के चलते कुछ परेशानियां आ सकती हैं। व्यापारियों को व्यापार में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। सेहत को लेकर सावधान रहना होगा। अधिक तेल मसाले वाले भोजन से दूर रहें, अन्यथा पेट खराब हो सकता है। आर्थिक स्थिति के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। आपकी आमदनी में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। व्यवसाय को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। किसी प्रकार का निवेश करने से पहले सोच विचार लें। नौकरी वाले जातकों को प्रगति के अवसर मिल सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर सप्ताह अच्छा रहेगा। प्रेमी साथी के साथ समय बिता सकते हैं।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा परेशानी वाला रहेगा। पीने के पानी को लेकर सावधान रहें। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ा परेशानी वाला समय रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। आमदनी में भी कमी हो सकती है। व्यापारी नई सोच के साथ व्यापार में आगे बढ़ेंगे। नौकरी वाले जातकों का तबादला हो सकता है। प्रेम संबंधों में भी तनाव और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वैवाहिक संबंध अच्छे रहेंगे। जीवन साथी के साथ प्रसन्न रहेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम रहेगा। सेहत अच्छी बनी रहेगी, परंतु घर के बड़े बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रखें। आर्थिक स्थिति को लेकर सावधान रहें। किसी प्रकार का वाहन खरीदने से बचें तथा प्रॉपर्टी खरीदने पर भी सोच-विचार करें। व्यवसाय के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपका बिजनेस ग्रोथ कर सकता है। नये क्षेत्र में आपका व्यापार आगे बढ़ सकता है। नौकरीपेशा वाले जातक सावधानी से कार्य करें। विवादों से बचें। प्रेम संबंधों को लेकर पारिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। आप सेहत के प्रति संतुष्ट रहेंगे। आर्थिक स्थिति भी ठीक रहेगी। खर्च बढ़ सकते हैं, परंतु इनकम में भी बढ़ोतरी हो सकती है। व्यापारियों को गवर्नमेंट सेक्टर में किसी योजना से लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा वाले जातक सहकर्मियों से सावधान रहें। प्रेम संबंधों में आपके परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा। जीवनसाथी के सहयोग से वैवाहिक संबंधों में प्रेम बना रहेगा। विद्यार्थियों को कंपटीशन के लिए मेहनत की बहुत आवश्यकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सही रहेगा। सेहत का ध्यान रखना होगा। आर्थिक स्थिति के लिए सप्ताह बढ़िया रहेगा। आपका बैंक बैलेंस बढ़ सकता है और आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा। व्यापारियों को मेहनत का फल मिल सकता है। आपका व्यापार तरक्की करेगा। नौकरीपेशा वाले जातक घमंड को दूर रखकर कार्य करें। प्रेम संबंधों को लेकर समय अच्छा रहेगा। आपके और प्रिय पात्र के बीच रोमांस रहेगा।

# वैश्विक चुनौतियों के बीच विकसित भारत के लिए 1.4 अरब देशवासियों का सामूहिक प्रयास जरूरी : मोदी



**नोएडा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नागरिकों से वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए समर्पण और एकता का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए सामूहिक प्रयास बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण के उद्घाटन समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र किया और कहा, विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 1.4 अरब देशवासियों का सामूहिक प्रयास और एकता बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिमी एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है और देशवासियों के भरोसे के साथ भारत इस संकट का पूरी शक्ति से मुकाबला कर रहा है। मोदी ने कहा कि भारत के हितों की रक्षा और 'परिवारों व किसानों' की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार की प्राथमिकता समय की बचत और लागत में कमी करके नागरिकों की सुविधा को बढ़ाना है। मोदी ने वैश्विक संकट की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा, मैं प्रदेश व देश के सभी राजनीतिक दलों से आग्रह पूर्वक कहना चाहता हूं कि इस प्रकार के संकट से ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने कहा, जो भारतीयों और भारत के हक में है, वही भारत सरकार की नीति व रणनीति हैं। राजनीति के लिए गलत बयानबाजी करने वाले राजनीतिक बहस में कुछ नंबर पाएंगे लेकिन देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को देश की जनता कभी माफ नहीं करती।

### विकास की ऊंचाइयों के साथ जनता को राहत, प्रधानमंत्री जी की कार्य योजना का हिस्सा: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि विकास की ऊंचाइयों के साथ जनता को राहत प्रधानमंत्री जी की कार्य योजना का हिस्सा है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में अपने संबोधन में कहा, विकास की ऊंचाइयों के साथ जनता को राहत प्रधानमंत्री जी की कार्य योजना का हिस्सा है। यह आज हर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है और नोएडा हवाई अड्डा इसी श्रृंखला का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा, सबसे पहले मोदी जी का इस भव्य और गरिमामय समारोह में प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से उड़ान योजना के तहत राज्य को एक नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा, यह कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। कल (शुक्रवार को) ही रामनवमी के पावन अवसर पर पूरे देश के अंदर उत्साह का माहौल था। योगी ने कहा, पूरी दुनिया में अव्यवस्था, अराजकता का माहौल, संशय की स्थिति है और पूरी दुनिया में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छू रहे हैं। लेकिन अपनी दूरदर्शी सोच, देश प्रथम के भाव से 11 वर्षों से जो कार्य योजना मोदी जी के नेतृत्व में भारत के लिए बनी है, वह अब देखने को मिल रही है।

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की अगली सुनवाई छह अप्रैल को

**सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले की एक विशेष अदालत में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ जारी एक मानहानि मामले की शनिवार को सुनवाई हुई। सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत में सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता के वकील ने राहुल गांधी की आवाज का नमूना लेने का निर्देश देने का अनुरोध किया। वादी के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि शनिवार को अदालत में राहुल गांधी की आवाज के नमूने की जांच के लिए अनुरोध किया गया। उन्होंने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 311 सहपठित धारा 91 के तहत एक अर्जी दी है।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, विश्वास की नई पहचान बनकर उभरा : पंकज चौधरी



**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज विकास, विश्वास और वैश्विक संभावनाओं की नई पहचान बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 11,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। भाजपा मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, चौधरी ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन केवल एक आधारभूत परियोजना का लोकार्पण नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भविष्य, प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊंचाई देने वाला ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, यह हवाई अड्डा प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित राज्यों में स्थापित करने की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।

### संभल को धार्मिक पर्यटन केंद्र बनाने की तैयारी, 308 करोड़ रुपये की परियोजना मंजूर

**संभल :** उत्तर प्रदेश सरकार संभल को मथुरा, वृंदावन, वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या की तर्ज पर एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। इस योजना के तहत 68 चिन्हित तीर्थस्थलों और 19 प्राचीन कुओं के नेटवर्क को विकसित किया जा रहा है। यह क्षेत्र हिंदू परंपरा में भगवान कल्कि के संभावित अवतार से जुड़ा माना जाता है। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया के अनुसार, देश-विदेश के श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए धार्मिक गलियारे जैसा व्यापक तंत्र तैयार किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 52 किलोमीटर लंबे '24-कोसी परिक्रमा' मार्ग के निर्माण और विकास के लिए 308 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग में 10 मीटर चौड़ी सड़क होगी, जिसमें सात मीटर ब्लैकटॉप और तीन मीटर चौड़ा ऊंचा फुटपाथ शामिल होगा, ताकि श्रद्धालु आसानी से पैदल परिक्रमा कर सकें। इस परियोजना के तहत यमगढ़ तीर्थ, चतुर्मुख ब्रह्म कूप, पिशाच मोचन तीर्थ और पाप मोचन तीर्थ जैसे प्रमुख स्थलों का विकास किया जा रहा है।

### जयपुर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आचार्य को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड'

**जयपुर :** वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वीणा आचार्य को महिला स्वास्थ्य और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान इंडियन सोसाइटी ऑफ कोल्पोस्कोपी एंड सर्वाइकल पैथोलॉजी द्वारा चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदान किया गया। एक बयान के अनुसार डॉ. आचार्य को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, जागरुकता फैलाने और ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए उनके दीर्घकालीन एवं समर्पित कार्यों के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया। डॉ. आचार्य ने सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज, महिला चिकित्सा अस्पताल सांगानेरी गेट और महात्मा गांधी अस्पताल में अधीक्षक एवं अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

### अयोध्या में यज्ञशाला में भीषण आग, कोई जनहानि नहीं

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रामनवमी के अवसर पर आयोजित एक महायज्ञ के दौरान शनिवार को यज्ञशाला में भीषण आग लग गई, जिससे पूरा पंडाल कुछ ही देर में आग की लपटों में घिर गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पुलिस के अनुसार यह आयोजन उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा कराया जा रहा था। 'श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ' की यज्ञशाला राम मंदिर से लगभग 800 मीटर की दूरी पर स्थित थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ ही क्षणों में आग ने मुख्य यज्ञशाला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि यज्ञ के दौरान नारियल की 'महा-आहुति' देते समय हुए विस्फोट के कारण आग लगी।

### झारखंड में राम नवमी की शोभायात्रा के दौरान एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग जिले में राम नवमी शोभा यात्रा के दौरान 40 वर्षीय एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। हजारीबाग सदर के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अमित आनंद ने बताया कि शुक्रवार रात पेलावल पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत गदोखर गांव में आपसी बहस के बाद दो आरोपियों ने उस व्यक्ति पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

### भदोही में लापता छह साल के बच्चे का शव कुएं में मिला, मामले की जांच जारी

**भदोही :** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में पांच दिन पहले लापता हुए छह वर्षीय एक बच्चे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पानी से भरे कुएं से बरामद किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान औराई थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी राजा बाबू के रूप में हुई है, जो 24 मार्च को अपने घर के बाहर खेलते समय लापता हो गया था। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने बताया कि बच्चा 24 मार्च को दोपहर एक बजे के आसपास गायब हुआ था, जिसके बाद पुलिस और श्वान दस्ते ने दो दिनों तक तलाशी अभियान चलाया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

## अदालत ने संभल में कब्रिस्तान की जमीन को लेकर जारी नोटिस पर रोक लगायी



**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जिला प्रशासन द्वारा एक जनवरी 2026 को जारी कारण बताओ नोटिस पर रोक लगा दी है। नोटिस में याचिकाकर्ता अली अशरफ को विवादित जमीन पर उसके कब्जे के संबंध में 15 दिनों के भीतर कारण बताने और अपने मामले के समर्थन में साक्ष्य दाखिल करने को कहा गया था। हालांकि, अली अशरफ के मुताबिक यह भूमि राजस्व रिकॉर्ड में कब्रिस्तान के तौर पर दर्ज है और यह संभल की शाही जामा मस्जिद से संबद्ध है। इसके अलावा, लंबे समय से इस जमीन पर याचिकाकर्ता का कब्जा है जहां उसका एक रिहायशी मकान भी है। अली अशरफ द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने 25 मार्च के अपने आदेश में दोनों पक्षों को इस दौरान यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया और साथ ही राज्य सरकार को इस मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख छह मई निर्धारित की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता का विवादित जमीन पर कब्जा है और वहां उसका एक रिहायशी मकान भी मौजूद है। इस विवादित भूमि का 200 साल से अधिक समय से आबादी के तौर पर उपयोग किया गया है और इस दौरान जमीन के निवासियों द्वारा कई सौदे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता का इस विवादित भूमि पर कब्जा है और प्रशासन की तरफ से महज नोटिस देकर उसे जमीन से बेदखल नहीं किया जा सकता।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नया प्रतीक चिह्न बना 'सारस'




**नोएडा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को उद्घाटन किए गए नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अपनी ब्रांड पहचान के लिए सारस-प्रेरित नया प्रतीक चिह्न अपनाया है, जो उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक, सतत विकास की सोच को दर्शाता है। हवाई अड्डा प्रबंधन के अनुसार उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी 'सारस' को प्रतीक चिह्न में शामिल कर इसे विशिष्ट और वैश्विक स्तर पर प्रभावी पहचान देने का प्रयास किया गया है। यह पहल राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि, परंपरा और प्रकृति के प्रति जुड़ाव को रेखांकित करती है। बयान में कहा गया कि यह कदम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस दृष्टिकोण को भी दर्शाता है, जिसमें विकास के साथ सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरणीय संतुलन को समान महत्व दिया जा रहा है। प्रतीक चिह्न को पतली और एकीकृत रेखाओं से डिजाइन किया गया है, जो गति, कनेक्टिविटी और आधुनिक बुनियादी ढांचे का प्रतीक हैं। इसमें इस्तेमाल किया गया नीला-हरा रंग तकनीकी प्रगति और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन को दर्शाता है। प्रतीक चिह्न में उड़ता हुआ सारस प्रगति, आत्मविश्वास और नयी ऊंचाइयों की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश का प्रतीक माना गया है। यह राज्य को वैश्विक निवेश और कनेक्टिविटी हब के रूप में विकसित करने के विजन को भी प्रतिबिंबित करता है।

## सड़क तंत्र के विकास के लिए राजस्थान सरकार प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं सड़क तंत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण इलाकों में भी सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्र की खराब हुई सड़कों के मरम्मत कार्य शनिवार से शुरू कर दिए गए हैं। बयान के अनुसार, आमजन को राहत प्रदान करते हुए बाड़मेर, जालोर, डीग, जैसलमेर, अलवर, डूंगरपुर, कोटपूतली, हनुमानगढ़, जोधपुर, भीलवाड़ा, उदयपुर जिलों में सिंचाई लाइन व पेयजल लाइन के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की गई है। इसकी प्रभावी निगरानी हेतु जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखण्ड अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। बयान में कहा गया है कि शर्मा के निर्देश पर शहरी क्षेत्रों में भी 'यूटिलिटी लाइन' के कार्य से प्रभावित सड़कों की भी मरम्मत की गयी हैं। अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है।


**राजस्थान में एलपीजी की कालाबाजारी पर सख्ती, दोषियों के लाइसेंस रद्द करने के निर्देश**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की कालाबाजारी और तय कीमत से अधिक पर बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आयोजित समीक्षा बैठक में राज्य में एलपीजी आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को एलपीजी वितरण की प्रतिदिन समीक्षा कर जमीनी हालात पर प्रतिक्रिया लेने को कहा। शर्मा ने निर्देश दिया कि कालाबाजारी और अधिक कीमत वसूलने में लिप्त व्यक्तियों या संस्थाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए और उनके लाइसेंस निरस्त किए जाएं। बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वालों को काली सूची में डालने के निर्देश भी दिए गए।

### झारखंड के धनबाद में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पत्थरबाजी करने के आरोप में 19 लोग गिरफ्तार

**धनबाद :** झारखंड के धनबाद जिले के भिकराईपुर में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पत्थरबाजी की घटना में कथित तौर पर शामिल 19 लोगों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। शुक्रवार शाम की इस घटना में छह लोग घायल हुए हैं। धनबाद शहर के पुलिस अधीक्षक ऋत्विक श्रीवास्तव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शनिवार को 19 लोगों को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। श्रीवास्तव ने कहा, ''शुक्रवार शाम को धार्मिक जुलूस के दौरान हुई पत्थरबाजी की घटना में दोनों पक्षों से संबंधित प्राथमिकी में नामजद लगभग 50 लोगों में से हमने 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।'' सिंदरी के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आशुतोष कुमार सत्यम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत में भेजने से पहले जांच के लिए घटनास्थल पर ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि भिकराईपुर में स्थिति सामान्य है और पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3393



*बायें से दायें:-* 1) ओर, 6) धीरे से खिसक जाना, 8) प्रेषित, 10) भारत का एक घटक राज्य, 11) असमतल; लहराता, 13) अनेक, 15) गृहकलह; विरोध; भिड़ंत, 17) प्रभावी, 19) ख़र्च, 21) अमृत, 23) झक्की, 26) जय-पराजय, 27) छटपटाना, 28) गर्मजोशी; उत्साह.

*ऊपर से नीचे:-* 2) कृषिउत्पाद, 3) क़ुसूर; अपराध, 4) शरीरांतर्गत मूत्रशोधक किडनी, 5) धारदार, 7) असलियत की बात; मुलम्मा, 9) प्रहार, 10) मल्लाह, 12) बचाखुचा, 13) कौर, 14) तेज़ी, 16) फ़र्ज़, 18) वृत्तांत, 20) अनाथ, 21) सुंदर, 22) पानी का सोता, 23) अखंड; लगातार, 24) बाँस, 25) फल आदि का लंबोतरा टुकड़ा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | हा | व | सा | न | ■ | स | र्वा | धि | क |
| ■ | ■ | र्ण | ■ | ग | र | म | ■ | क्का | ■ |
| मे | ह | न | त | ■ | स | र | का | र | ■ |
| न | ■ | ■ | र | द्दी | ■ | स | म | ■ | क |
| का | रा | वा | स | ■ | लो | ■ | या | मि | नी |
| ■ | जी | ■ | ■ | म | ह | ता | ब | ■ | नि |
| आ | व | भ | ग | त | ■ | दा | ■ | डं | का |
| इं | ■ | रो | ■ | दा | मो | द | र | ■ | ■ |
| दा | ■ | सा | मा | न | ■ | ■ | स्म | र | ण |

## सुडोकू-पहेली-3351

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 9 | | | 5 |
| 3 | 2 | | | 4 | | | | 1 |
| | 6 | | | | | | | |
| | 3 | | 6 | | | 2 | | |
| | | | 7 | | | | 8 | |
| | | | | 5 | | | | 7 |
| | | | | | | 4 | 6 | |
| 5 | | 3 | 1 | | | | | 2 |
| | | 2 | | | 4 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3350 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 1 | 3 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 5 | 7 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 2 | 5 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 |
| 3 | 1 | 4 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 |

# गृह मंत्री शाह ने राज्य में आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के तबादलों का किया बचाव

## गृह मंत्री का दावा, बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां एसआईआर प्रक्रिया विवादों में घिरी

**कहा... 'कई वर्षों के बाद, अंग, बंग और कलिंग में एक ही पार्टी की सरकारें होंगी'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादलों का बचाव करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य में कई अधिकारी सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के 'कैडर' के रूप में काम करते थे और स्वतंत्र रूप से काम करने में असमर्थ थे। तृणमूल सरकार के खिलाफ भाजपा का आरोपपत्र जारी करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में शाह ने दावा किया कि अधिकारियों के तबादलों के कारण इस वर्ष राम नवमी समारोह के दौरान हिंसा की घटनाएं कम हुईं। शाह ने कहा कि देश भर में, निर्वाचन आयोग चुनावों से पहले अधिकारियों का तबादला करता है। यह कोई नयी बात नहीं है। लेकिन पश्चिम बंगाल में अधिकांश अधिकारी सरकार के लिए काम करते हैं। इसीलिए यहां ज्यादा तबादले हुए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों में फेरबदल के कारण इस वर्ष राज्य में रामनवमी के दौरान हिंसा कम हुई। हम किसी भी प्रकार की हिंसा का समर्थन नहीं करते। शाह ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर ममता की आलोचना पर भी पलटवार किया और दावा किया कि पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां यह प्रक्रिया विवादों में घिरी। शाह ने पूछा कि एसआईआर प्रक्रिया




के लिए अदालत को केवल पश्चिम बंगाल में ही न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति क्यों करनी पड़ी? वाम मोर्चा शासित केरल या द्रमुक शासित तमिलनाडु में कोई समस्या क्यों नहीं हुई? उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के जिलाधिकारी डर के साये में काम कर रहे थे। शाह ने कहा कि ममता जी जो चाहें आरोप लगा सकती हैं। लेकिन हम घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे। शाह ने आरोप लगाया कि तृणमूल के 15 वर्षों के शासन के बाद, पश्चिम बंगाल घुसपैठ के लिए देश का 'प्रमुख गलियारा' बन गया है। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा, तुष्टिकरण की राजनीति और प्रशासनिक विफलता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई वर्षों के बाद, अंग, बंग और कलिंग, यानी बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में एक ही पार्टी की सरकारें होंगी।

**❑ 'बांग्ला भाषी भारतीय बांग्लादेशी घुसपैठियों के समान नहीं हैं'**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर शनिवार को आरोप लगाया कि वह राजनीतिक लाभ के लिए बांग्ला भाषी भारतीयों और बांग्लादेशी घुसपैठियों के बीच के अंतर को ''जानबूझकर मिटा'' रहीं हैं। शाह ने टीएमसी सरकार के खिलाफ 'आरोप पत्र' पेश करते हुए आरोप लगाया कि ममता सरकार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को बचाने के लिए भाषा के मुद्दे का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बड़ी चालाकी से बांग्ला भाषी लोगों और बांग्लादेशियों के बीच के अंतर को मिटाने की कोशिश कर रही हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिए भी बांग्ला बोलते हैं। राज्य के मूल निवासियों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि बांग्लादेशियों को यहां रहने दिया जाएगा। शाह ने कहा कि हम घुसपैठियों की पहचान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हम न केवल घुसपैठियों को मतदाता सूची से हटाएंगे, बल्कि देश से प्रत्येक अवैध अप्रवासी को भी बाहर निकालेंगे।

# तृणमूल की शिकायत पर चुनाव आयोग ने मालदह के पुलिस पर्यवेक्षक को हटाया

## पांच अन्य पर्यवेक्षकों का भी किया गया तबादला

**कोलकाता, समाज्ञा**

विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए मालदह में तैनात एक पुलिस पर्यवेक्षक को हटा दिया है। यह कार्रवाई सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस की शिकायत के बाद की गई। इसके साथ ही पांच अन्य पुलिस पर्यवेक्षकों का भी तबादला कर दिया गया है। दरअसल, उत्तर प्रदेश निवासी जयंत कांत को मालदह के चार संवेदनशील मतदान केंद्र मानिकचक, मोथाबारी, सुजापुर और वैष्णवनगर में पुलिस पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि जयंत कांत की पत्नी बिहार में भाजपा की नेता हैं, जिससे उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठता है। पार्टी नेताओं ब्रात्य बसु और पार्थ भौमिक ने संवाददाता सम्मेलन इस मुद्दे को उठाया था और सुबूत के तौर पर तस्वीरें भी जारी की थीं। शिकायत की जांच के बाद आयोग ने जयंत कांत को हटाकर उनकी जगह आईपीएस अधिकारी हृदय कांत को नियुक्त किया है, जो बिहार कैडर के अधिकारी हैं।

**आवश्यता**

Required candidate with knowledge of Accounts, Finance & Banking operations in dalhousie area call 93392 33533.

# भाजपा 'दंगाइयों की पार्टी', रामनवमी रैलियों में हिंसा भड़काने की जिम्मेदार : अभिषेक बनर्जी

**बीरभूम :** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को भाजपा को 'दंगाइयों की पार्टी' करार दिया और उसपर राज्य में रामनवमी की रैलियों के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप भी लगाया। तृणमूल नेता ने बीरभूम जिले के लाभपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के लोग पारंपरिक रूप से सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाते आए हैं। क्या आपने दुर्गा पूजा, काली पूजा, जगद्धात्री पूजा, ईद, छठ पूजा, क्रिसमस या जैन समुदाय द्वारा निकाली जाने वाली शोभायात्रा के दौरान दंगे या झड़प की किसी घटना के बारे में सुना है? पार्टी महासचिव ने कहा कि तो फिर रामनवमी जैसे पवित्र अवसर का उपयोग वे (भाजपा) हिंसा और अराजकता पैदा करने के लिए क्यों कर रहे हैं? लोकसभा सांसद ने बिना किसी घटना का उल्लेख किए आरोप लगाया कि भाजपा का मतलब 'उपद्रवी' (होना) है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और इसके सहयोगी संगठन रामनवमी के जुलूसों में गुंडों को लाते हैं, जो तलवारें लहराते हैं और सार्वजनिक रूप से शराब पीते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके अनुषंगी संगठनों से जुड़े रामनवमी के जुलूसों के दौरान ही हिंसा की खबर क्यों आती है? बंगाल में त्योहारों के अवसर पर सद्भाव और सौहार्द की परंपरा है। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या के लोग 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को खारिज कर चुके हैं, यद्यपि उसने धर्म आधारित राजनीति की थी। उन्होंने आश्वस्त किया कि भाजपा को बंगाल और अन्य चुनावी राज्यों में भी यही नतीजा भुगतना होगा। अभिषेक ने भाजपा पर आरोप



लगाया कि उसने राज्य के लोगों को एसआईआर (मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया) की कतारों में खड़ा होने के लिए मजबूर करके और लाखों असली मतदाताओं के नाम हटाकर परेशानी में डाल दिया है। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा नेता एसआईआर के नाम पर बंगाल के लोगों को धमकी क्यों दे रहे हैं? अभिषेक बनर्जी ने कहा कि यह चुनाव केवल ममता बनर्जी को चौथी बार सत्ता में वापस लाने के बारे में नहीं है, बल्कि भाजपा की सीट की संख्या को 50 से भी नीचे सीमित करने के लिए भी है। उन्होंने कहा कि याद रखें, वे जहां भी जीते, सबसे ज़्यादा नुकसान गरीबों को ही उठाना पड़ता है। वे धर्म की राजनीति करते हैं, हम काम, भोजन, वस्त्र और विकास की राजनीति में विश्वास करते हैं। इसलिए, भारी बहुमत से हमारे उम्मीदवारों को वोट दें। तृणमूल महासचिव ने दावा किया कि असम, बिहार और त्रिपुरा की सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और समाज के अन्य वर्गों के लिए विकास संबंधी पहल शुरू नहीं की, जैसा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार ने किया है। केंद्र पर बंगाल में गरीबों के लिए आवास योजनाओं के लिए एक पैसा भी मंजूर न करने का आरोप लगाते हुए अभिषेक ने कहा कि हालांकि, उन्होंने (केंद्र सरकार ने) 10 पैसे भी मंजूर नहीं किए लेकिन हम अगले छह महीनों में राज्य के हर व्यक्ति के सिर पर छत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव के बाद तृणमूल सत्ता में वापसी करती है तो स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम 'दुआरे स्वास्थ्य' भी साकार हो जाएगा। अभिषेक ने तंज कसते हुए कहा कि उनके (भाजपा के) उम्मीदवार घर-घर जाकर लोगों की दाढ़ी बना रहे हैं और शाकाहारी व्यंजन परोस रहे हैं। चूंकि चुनाव के बाद वे नजर नहीं आएंगे, इसलिए अभी से अपने सारे घरेलू काम उनसे करवा लें, यहां तक कि बाल कटवाने का काम भी।

# दार्जिलिंग की जनसभा में ममता के बयान पर विवाद

## चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी स्थित नंदप्रसाद गर्ल्स हाई स्कूल मैदान में गत बुधवार को हुई जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक बयान को लेकर सियासी विवाद तेज हो गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित सभा के एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि उन्होंने सीआरपीएफ जवानों को खुलेआम धमकी दी है और महिलाओं और लड़कियों से मतदान केंद्रों पर मौजूद रहने और जरूरत पड़ने पर घरेलू सामान का इस्तेमाल करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि सीआरपीएफ जवान पुरुष हैं और ऐसी स्थिति में हस्तक्षेप करने पर उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज हो सकता है।

इस बयान को लेकर विपक्षी दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और आरोप लगाया है कि इससे चुनावी माहौल प्रभावित हो सकता है। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि बयान को संदर्भ से हटाकर पेश किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की हिंसा या डराने-धमकाने की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चुनाव आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई पर स्थिति स्पष्ट होगी।



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले हबीबपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार जॉयल मुर्मू शनिवार को घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाते हुए।

## मतदाताओं की अपील सुनने के लिए अधिकरण पर अभी फैसला नहीं : निर्वाचन आयोग




**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के दौरान जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब थे, उनकी अपील सुनने के लिए अधिकरणों में सुनवाई शुरू करने को लेकर अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया है कि जिनके नाम हटा दिए गए हैं, उनके पास अधिकरण से संपर्क करने का विकल्प होगा। हालांकि, ये अधिकरण कब और कहां काम करना शुरू करेंगे, इस पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अधिकरण स्थापित करने के लिए कुछ स्थानों का प्रस्ताव दिया है, जबकि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संभावित स्थल के रूप में न्यूटाउन में न्यायिक अकादमी का सुझाव दिया है। अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने अधिकरणों के लिए हर जिले में स्थान की पहचान की है। अब, उच्च न्यायालय निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले के बाद, कार्यालय परिसर को सौंपना राज्य सरकार पर निर्भर करेगा। एक बार ये प्रक्रियाएं पूरी हो जाएंगी, तो अधिकरण मतदाताओं की शिकायतों को दूर करने के लिए काम करना शुरू कर देंगे।

**NAME CHANGE**

I, George W Howe Lewis (old name) S/O Late George Dalby Howel Lewis, resident of A/1, Mittal Tower, Road No-1, Yudhisthir Marg Near Bajrang Mandir, Ramnagar, Sonari Jamshedpur, East Singhbhum, Pin-831011, India, have changed my name and shall henceforth be known as George William Howel Lewis (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit No 13 dated 27/03/2026. George William Howel Lewis (new name) George W Howe Lewis (old name) both are same and one identical person.

**NAME CHANGE**

I, Pauline C Howe Lewis (old name) W/O George William Howel Lewis, resident of A/1, Mittal Tower, Road No-1, Yudhisthir Marg Near Bajrang Mandir, Ramnagar, Sonari Jamshedpur, East Singhbhum, Pin-831011, India, have changed my name and shall henceforth be known as Pauline Cynthia Howel Lewis (new name), as declared Before The Notary Public at Kolkata, vide an affidavit No 13 dated 27/03/2026. Pauline Cynthia Howel Lewis (new name) Pauline C Howe Lewis (old name) both are same and one identical person.

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**खुली निविदा क्रमांक: GEM/2026/B/7388059**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः 3 ईयर कोम्प्रेहेंसिव कोंट्रेक्ट फॉर क्लीनिंग, ब्रूमिंग, सेनिटेशन, डिसइन्फेक्शन ऑफ ऑल आफिस बिल्डिंग, आल लेवाटोरिस, ऑल रोड, ऑल शॉप फ्लोर एरिया, शेड्स, स्टोर वार्ड्स ईटीसी इंक्लूडिंग एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, सीएमटी लैब, कॉलोनी सब स्टेशन, आरपीएफ बैरक एंड कैंटीन। द वर्क शैल इंकलुड ईंटेंसिव क्लीनिंग ऑफ शॉप शेड, शॉप फ्लोर/स्टोरेज एरिया इंक्लुडिंग कलेक्शन एंड सेग्रिगेशन ऑफ स्क्रेप टू नामिनेट बीन्स एंड इट्स ट्रांसपोर्टेशन फॉर डिस्पोसल टू नोमिनेटड प्लेस, गार्डन मेंटेनेंस एंड एक्सेस एंड हार्मफूल वेजिटेशन रिमुवल/कटिंग ऑफ ब्रांचेस ऑफ ट्री इन सीआरडब्ल्यूएस/भोपाल प्रिमाइसेस (आउट कम बेसिस कोंट्रेक्ट)। कार्य की लागतः ₹ 4,88,41,578.30. निविदा फार्म का मूल्यः 0.00. धरोहर राशि/ईएमडी राशिः ₹ 3,94,210/-. कार्य पूर्ण करने की अवधिः 36 माह। ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समयः** 17.04.2026 को 18.00 बजे तक। **निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः** 17.04.2026 को 18.30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रारुप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट **http://bidplus.gem.gov.in** पर उपलब्ध है। ***मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका, निशातपुरा, भोपाल.***

**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**

## अतिरिक्त मतदाता सूची में शशि पांजा और काजल शेख का नाम शामिल, नामांकन का रास्ता साफ

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले जारी दूसरी अतिरिक्त मतदाता सूची से तृणमूल कांग्रेस को आंशिक राहत मिली है। श्यामपुकुर से पार्टी की उम्मीदवार शशि पांजा और हासन के उम्मीदवार काजल शेख का नाम इस सूची में शामिल हो गया है। अब उनके नामांकन दाखिल करने में कोई बाधा नहीं रही। इससे पहले दोनों नेताओं के नाम जांच के अधीन थे, जिसके कारण उनकी उम्मीदवारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी। हालांकि, उत्तरपाड़ा से उम्मीदवार शीर्षण्य बंद्योपाध्याय का नाम अभी भी सूची में शामिल नहीं हुआ है, जिससे उनकी उम्मीदवारी पर संशय बना हुआ है। वे श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी के बेटे हैं।

# भाटपाड़ा में भाजपा को बड़ा झटका, राज विश्वास तृणमूल में शामिल

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले भाटपाड़ा में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के सक्रिय नेता राज विश्वास ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया। टिटागढ़ स्थित जिला तृणमूल कार्यालय में बैरकपुर के सांसद पार्थ भौमिक ने उन्हें पार्टी का झंडा थमाकर औपचारिक रूप से शामिल कराया।

राज विश्वास को कभी बैरकपुर के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह का करीबी माना जाता था। ऐसे में उनके पाला बदलने से भाटपाड़ा की राजनीति में नए समीकरण बनने की चर्चा तेज हो गई है।

इस अवसर पर भाटपाड़ा नगरपालिका के उप-प्रमुख देवज्योति घोष, सौरव सिंह सहित कई तृणमूल नेता मौजूद रहे।

तृणमूल का दावा है कि चुनाव से पहले भाजपा के गढ़ में यह टूट उनकी संगठनात्मक ताकत को और मजबूत करेगी। वहीं, इस घटनाक्रम पर भाजपा की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



बैरकपुर में बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए चुनाव प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार राज चक्रबर्ती समर्थकों के साथ सेल्फी लेते हुए।

**CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS**

**ई-नीलामी कार्यक्रम**

**विषयः अप्रैल 2026, मई 2026 और जून 2026 महीनों के लिए ई-नीलामी का कार्यक्रम। अप्रैल 2026, मई 2026 और जून 2026 महीनों में निम्नलिखित तारीखों पर ई-नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव है। महीना; नीलामी का प्रकार; तारीख; समय इस प्रकार हैं: अप्रैल 2026; ई-नीलामी; 10/04/2026 (शुक्रवार), 24/04/2026 (शुक्रवार); 10:00 बजे। मई 2026; ई-नीलामी; 08/05/2026 (शुक्रवार), 22/05/2026 (शुक्रवार); 10:00 बजे। जून 2026; ई-नीलामी; 12/06/2026 (शुक्रवार), 26/06/2026 (शुक्रवार); 10:00 बजे।** ऊपर बताई गई तारीखों और समय पर, विभिन्न प्रकार के वाहनों, क्रेन, मशीनों जैसे लेथ, ड्रिलिंग/मिलिंग/बोरिंग, ट्रांसफार्मर, रेक्टिफायर, लौह और अलौह स्क्रैप जैसे तांबा, एल्यूमीनियम आदि की बिक्री के लिए ई-नीलामी निर्धारित की गई है। अलौह स्क्रैप केवल उन्हीं लोगों को बेचा जाएगा जो पर्यावरण और वन मंत्रालय/भारत सरकार/नई दिल्ली द्वारा पंजीकृत हैं। प्रत्येक फर्म के लिए एक बार का पंजीकरण शुल्क 10,000/- रुपये होगा (यह राशि वापस मिल सकती है, यदि कोई खरीदार भारतीय रेलवे की ई-नीलामी में बोली लगाने के लिए अपना पंजीकरण स्थायी रूप से वापस लेने का निर्णय लेता है) यह शुल्क पीएफए/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में, एक हलफनामे के साथ जमा करना होगा। सामग्री की सूची ई-नीलामी की तारीख से पहले IREPS वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**PR7/319** **PCMM/CLW/CRJ.**

**Like us on: www.facebook.com/clwrailways**

## विधानसभा चुनाव : दिल्ली में कांग्रेस की उच्च स्तरीय बैठक, उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा की

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के चयन को लेकर शनिवार को विस्तृत चर्चा की। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल और पश्चिम बंगाल के नेता शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी और सीईसी सदस्य अंबिका सोनी, मधुसूदन मिस्त्री, सलमान खुर्शीद, टीएस सिंहदेव, पीएल पुनिया और कुछ अन्य नेता भी बैठक में शामिल थे। बता दें कि प्रदेश में कांग्रेस इस बार सभी 294 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है।

# प्रशिक्षण में मुख्यमंत्री का वीडियो दिखाने पर विवाद मामले में दो अधिकारी गिरफ्तार

**कोलकाता :** चुनावी प्रशिक्षण के दौरान मुख्यमंत्री का वीडियो दिखाए जाने का विरोध करने पर एक वोटकर्मी के साथ मारपीट की घटना सामने आई थी, जिसके बाद भारत निर्वाचन आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। इस मामले में पुलिस ने दो अधिकारियों निजामुद्दीन सरदार और मानस बंद्योपाध्याय को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी निजामुद्दीन सरदार हंसखाली समष्टि विकास कार्यालय के पंचायत विभाग में कार्यरत है, जबकि मानस बंद्योपाध्याय ब्लॉक कार्यालय में ओसी इलेक्शन के पद पर तैनात था।

घटना बीते शुक्रवार की है, जब रानाघाट के देवनाथ स्कूल में चुनाव



प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में सरकारी कर्मचारी सैकत दास (जिन्हें कुछ स्रोतों में सैकत चट्टोपाध्याय के रूप में भी पहचाना गया है) शामिल होने पहुंचे थे। आरोप है कि प्रशिक्षण के दौरान एक बड़े स्क्रीन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का प्रचार संबंधी वीडियो चलाया जा रहा था।

वीडियो देखकर सैकत ने आपत्ति जताई और इसका विरोध किया। उनके साथ अन्य कुछ वोटकर्मियों ने भी समर्थन किया। इसी बात को लेकर माहौल अचानक गरमा गया। आरोप है कि स्थानीय बीडीओ कार्यालय के कुछ कर्मचारियों ने सैकत को घेरकर बुरी तरह पीटा और यहां तक कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना की सूचना मिलते ही महकमा प्रशासन सक्रिय हुआ और महकुमाशासक (एसडीओ) मौके पर पहुंचे। काफी प्रयासों के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाया गया।

पीड़ित वोटकर्मी का दावा है कि उन्होंने पहले ही इस पूरे मामले की जानकारी बीडीओ को दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इस घटना के बाद प्रशासन ने हंसखाली ब्लॉक के बीडीओ सायंतन भट्टाचार्य को शो-कॉज नोटिस जारी किया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि प्रशिक्षण केंद्र में उनकी भूमिका की जांच की जा रही है और उनसे संतोषजनक जवाब मांगा गया है कि उनकी मौजूदगी में ऐसी स्थिति क्यों बनी।

घटना को लेकर शिक्षक संगठनों ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है और चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

पूरे मामले की जांच जारी है और प्रशासन ने संकेत दिया है कि दोषियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

www.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# ममता ने रानीगंज भू धंसान प्रभावित लोगों को दो फ्लैट और 10 लाख मुआवजे का किया ऐलान

## मुख्यमंत्री ने प्रचार के दौरान पार्टी उम्मीदवार के बेटे के लाल बत्ती लगी गाड़ी में घूमने पर जताई नाराजगी

**आसनसोल :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को पश्चिम बर्दवान के अंडाल (खांद्रा फुटबॉल ग्राउंड) में एक जनसभा के दौरान चुनाव आयोग और भाजपा पर तीखा हमला बोला। इसके साथ ही रानीगंज के भू–धंसान प्रभावित इलाके को लेकर ममता बनर्जी ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित लोगों को पुनर्वास के लिए 10 लाख रुपये और दो फ्लैट देगी। अब तक करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से 6 हजार फ्लैट बनाए जा चुके हैं, जबकि 4 हजार और फ्लैट निर्माणाधीन हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जान सबसे कीमती है और जोखिम वाले इलाकों से सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट हो जाना चाहिए। राजनीतिक हमले को और तेज करते हुए ममता ने कहा कि प्रशासन फिलहाल चुनाव आयोग के नियंत्रण में है, इसलिए कुछ मामलों में राज्य सरकार सीधे हस्तक्षेप नहीं कर पा रही। रानीगंज से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार काल–ोवरण मंडल के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री काफी आक्रामक नजर आईं। सभा के दौरान ममता बनर्जी ने अपनी ही पार्टी के नेता हरेराम सिंह को भी सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई। उन्होंने उनके बेटे के लाल बत्ती लगी गाड़ी में घूमने पर नाराजगी जताई और साफ कहा कि इस तरह की हरकतें बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि तृणमूल कांग्रेस में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी नेता को विशेषाधिकार का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



## 'न्याय राजनीति से नहीं', आरजी कर पीड़िता की मां के भाजपा प्रत्याशी बनने पर डॉक्टरों का बयान

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर छात्रा के साथ हुए कथित दुष्कर्म और हत्या मामले को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। पीड़िता की मां के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार बनने के फैसले पर वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर फ्रंट ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। संगठन ने शुक्रवार की रात सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि किसी भी व्यक्ति का चुनाव लड़ना उसका व्यक्तिगत निर्णय होता है और इस पर संगठन का समर्थन या विरोध होना उचित नहीं है। हालांकि, संगठन ने यह भी कहा कि जिस दल के टिकट पर वह चुनाव लड़ रही हैं, उस दल को लेकर महिला उत्पीड़न के मामलों में गंभीर सवाल उठते रहे हैं। बयान में कहा गया कि यह सोचना कि कोई राजनीतिक दल शर्तों के आधार पर न्याय दिलाएगा, व्यावहारिक नहीं है। संगठन ने आरोप लगाया कि कई प्रभावशाली नेताओं पर महिला उत्पीड़न के मामले रहे हैं और ऐसे मामलों में पीड़ितों और उनके परिवारों पर दबाव भी बनाया गया है। संगठन ने कहा कि 2024 में हुई इस घटना के 19 महीने बाद भी मामला फिर से सुर्खियों में है और इसे राजनीतिक बहस का मुद्दा बनाया जा रहा है। बयान में राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों की जांच प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आंदोलन आम लोगों के गुस्से का स्वतः स्फूर्त विस्फोट था, जहां लोग न्याय की मांग और महिलाओं की सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरे थे। साथ ही, संगठन ने पीड़िता की मां के प्रति सहानुभूति जताते हुए कहा कि एक मां, जिसने अपना बच्चा खोया है, वह किस मानसिक स्थिति में यह निर्णय लेती है, इसे समझना जरूरी है। संगठन ने लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी न करें। हालांकि, संगठन ने इस बात पर नाराजगी जताई कि पीड़िता के परिवार की ओर से आंदोलनकारियों पर स्वार्थ के लिए आंदोलन करने का आरोप लगाया गया। संगठन ने कहा कि उनके सदस्य और प्रतिनिधि केवल न्याय की मांग के लिए आंदोलन में शामिल हुए थे, न कि किसी राजनीतिक लाभ के लिए।

### एसआईआर सूची में हुई चूक में सुधार, पूर्व जस्टिस शाहिदुल्लाह मुंशी का जुड़ा नाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग द्वारा राज्य में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत पूर्व जस्टिस शाहिदुल्लाह मुंशी और उनके परिवार के नाम अब पूरक सूची में शामिल कर लिए गए। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया, जब हाल ही में उन्होंने अपनी और अपने परिवार के नाम प्रारंभिक सूची में शामिल न होने पर आपत्ति जताई, जबकि उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए और सत्यापन प्रक्रिया में भाग भी लिया। 27 मार्च की पूरक सूची में उनके नाम को शामिल किया गया, जो 28 फरवरी को जारी प्रारंभिक सूची में छूट गया। इस संशोधन के बाद अब उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो गया।

## ओला इलेक्ट्रिक ने 'एंड आईसीई एज' अभियान किया लॉन्च

### 49,999 से शुरू होंगे इलेक्ट्रिक वाहन

**कोलकाता, समाज्ञा :** ओला इलेक्ट्रिक ने भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए 'एंड आईसीई एज' अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत कंपनी अपने कुछ विद्युत वाहनों को 49,999 की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध करा रही है और पूरे उत्पाद समूह पर ग्राहकों को 50,000 तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं। कंपनी के अनुसार यह विशेष प्रस्ताव 31 मार्च 2026 तक मान्य रहेगा। अभियान के तहत जेन 3 एस1 एक्स (2 केडबल्यूएच) और रोडस्टर एक्स (2.5 केडबल्यूएच) मॉडल 49,999 की शुरुआती कीमत पर पेश किए गए हैं। इसके साथ ही कंपनी ने ग्राहकों के लिए सेवा विश्वास गारंटी, पुनर्खरीद गारंटी और 8 वर्ष की एक्सटेंडेड वारंटी जैसी सुविधाओं की भी घोषणा की है। सेवा में देरी होने पर ग्राहकों को निःशुल्क ओला कैब कूपन दिए जाएंगे, जबकि वाहन उन्नयन के समय 60 प्रतिशत तक की सुनिश्चित बायबैक वैल्यू भी दिया जाएगा। इस अवसर पर ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भाविष अग्रवाल ने कहा, तेल की कीमतों में उतार–चढ़ाव ने ऊर्जा सुरक्षा को फिर से केंद्र में ला दिया है। 'एंड आईसीई एज' अभियान के माध्यम से हम आक्रामक कीमतों, सेवा विश्वास गारंटी और पुनर्खरीद गारंटी के साथ हर भारतीय को आत्मविश्वास के साथ विद्युत वाहन अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## आईआईटी खड़गपुर ने स्नातकोत्तर चिकित्सा कार्यक्रम शुरू करने के लिए एनएमसी से मंजूरी मांगी



**कोलकाता :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर ने स्नातकोत्तर 'डॉक्टर ऑफ मेडिसिन' (एमडी) पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के पास आवेदन किया है। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी मिल जाती है तो यह पहला आईआईटी होगा जो स्नातकोत्तर चिकित्सा कार्यक्रम शुरू करेगा। चक्रवर्ती ने कहा, आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है और हमने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मंजूरी के लिए औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब संबंधित मंत्रालय के जवाब का इंतजार है। प्रस्तावित स्नातकोत्तर कार्यक्रम 20 सीटों के साथ शुरू किया जाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है लेकिन अंतिम निर्णय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पास है क्योंकि यह एक अंतर–मंत्रालयी निर्णय है। उन्होंने कहा, हमने एमडी कार्यक्रम में छात्रों को पढ़ाने के लिए पहले ही 20 चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी है। चक्रवर्ती ने प्रस्ताव के लिए कोई निश्चित समय–सीमा बताने से इनकार करते हुए कहा कि सब कुछ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि इस योजना को 23 सितंबर 2025 को संस्थान के 'बोर्ड ऑफ गवर्नर' के समक्ष मंजूरी के लिए पेश किया गया था। संस्थान के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि छात्रों को डॉ बी सी रॉय मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल रिसर्च सेंटर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि छात्रों का चयन राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के माध्यम से किया जाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को 220 बिस्तरों वाले मिशन मोड आईपीडी अस्पताल के रूप में विस्तारित किया जा रहा है, जिससे छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और आम लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

## खराब मौसम बना बाधा, भगवानगोला में अभिषेक की जनसभा रद्द

**कोलकाता/मुर्शिदाबाद :** खराब मौसम के कारण भगवांगोला में तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी की निर्धारित चुनावी जनसभा रद्द करनी पड़ी। तेज बारिश और आंधी के चलते उनका हेलीकॉप्टर निर्धारित स्थल पर उतर नहीं सका।



जानकारी के अनुसार, अभिषेक बनर्जी ने बीरभूम के लाभपुर में सभा करने के बाद मां फुल्लरा मंदिर में पूजा की थी। इसके बाद उनका कार्यक्रम मुर्शिदाबाद के भगवांगोला विधानसभा क्षेत्र में पाका दरगाह मैदान में जनसभा को संबोधित करने का था। सभा स्थल के पास ही हेलिपैड भी तैयार किया गया था।

दोपहर से ही आसमान में काले बादल छा गए और करीब डेढ़ बजे के बाद तेज बारिश के साथ झोंकेदार हवाएं चलने लगीं। प्रतिकूल मौसम के कारण हेलीकॉप्टर की लैंडिंग संभव नहीं हो सकी, जिससे सभा को रद्द करना पड़ा।

सभा में बड़ी संख्या में लोग पहले से मौजूद थे और नेता के इंतजार में थे, लेकिन मौसम ने पूरे कार्यक्रम पर पानी फेर दिया।

## रामनवमी पर भक्ति भावना से पूजा-अर्चना, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** रामनवमी के पावन अवसर पर आड़ी बांसतल्ला मोहल्ला सेवा समिति की ओर से धार्मिक आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भावना के साथ भगवान श्रीराम के दरबार में पूजा–अर्चना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर पार्षद विजय उपाध्याय, विजय ओझा, महेश शर्मा, पूर्व विधायक संजय बक्शी, स्मिता बक्शी, समाजसेवी सांवरलाल अग्रवाल, स्वपन बर्मन, श्रीगोपाल कड़ेल, लाल बहादुर पाठक, मनोज गुप्ता, संजू बर्मन, पिंटू बराड़िया, सुनील अग्रवाल और मनोज जैन सहित अन्य अतिथि तथा मोहल्ला के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान राम दरबार में विधिवत पूजा–अर्चना की गई और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम से सुख–समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में दिनेश तोसावड़, राजेन्द्र टिबरेवाल, संजय तोसावड़, डॉ. जे.पी. वर्मा, गणेश शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रसाद (भंडारा) वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सेवा समिति के सचिव सांवरलाल अग्रवाल (खरकिया) ने सभी अतिथियों और श्रद्धालु भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।




## पूर्वांचल तेरापंथी सभा ने आचार्य भिक्षु अभिनिष्क्रमण दिवस मनाया

**कोलकाता :** तेरापंथ धर्म संघ के आद्य प्रवर्तक आचार्य श्री भिक्षु स्वामी के 267 वें अभिनिष्क्रमण दिवस पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता–पूर्वांचल) ट्रस्ट ने सभा परिसर तुलसी वाटिका में भक्ति संध्या का आयोजन किया। संस्था अध्यक्ष संजय कुमार सिंघी ने इस अवसर पर आचार्य श्री भिक्षु के प्रति अपनी भावांजलि प्रस्तुत की।

तेरापंथ युवक परिषद, पूर्वांचल के अध्यक्ष राजीव बोथरा ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जैन कला संगम और पूर्वांचल स्वर लहरी के संगायकों ने अपनी सुमधुर वाणी से श्रावक श्राविका समाज को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सभा न्यासी अमर सिंह सिंघी, अशोक जैन, कोलकाता सभा के संगठन मंत्री ललित बैद, तेयुप के सह मंत्री मनोज सामसुखा आदि की सराहनीय उपस्थिति रही। जैन कला संगम के संयोजक रंजीत बैद, अशोक जैन, संजय सिंघी, धीरज मालू, मनोज भादानी, दिलीप चोपड़ा, राजुल देवी सिंघी, हेमलता खटेड़, सुनीता दूगड़ आदि ने अपनी गीतिकाओं के माध्यम से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। सभा की तरफ से सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया और सभी को 31 मार्च को भगवान महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर रैली में उपस्थित रहने के लिए अनुरोध किया गया।

## पूर्व रेलवे की चेतावनी, चलती ट्रेन में चढ़ना पड़ सकता है भारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों को चलती ट्रेन में चढ़ने और उतरने के खतरों को लेकर सख्त चेतावनी जारी की है। रेलवे के अनुसार, ट्रेन के सीटी बजने और प्लेटफॉर्म से खुलने के बीच का समय सबसे अधिक जोखिम भरा होता है, जब कई यात्री जल्दबाजी में दौड़कर ट्रेन पकड़ने की कोशिश करते हैं। यह प्रयास एक खतरनाक दांव साबित हो सकता है, क्योंकि प्लेटफॉर्म को केवल स्थिर ट्रेन में सुरक्षित चढ़ने के लिए बनाया गया है, न कि दौड़ने के लिए। चलती ट्रेन की गति और प्लेटफॉर्म व पटरियों के बीच का संकरा अंतर किसी भी क्षण गंभीर हादसे का कारण बन सकता है, जहां जरा सी चूक भी जानलेवा साबित हो सकती है।

पूर्व रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल ने हाल के महीनों में कई यात्रियों की जान बचाई है। 29 सितंबर 2025 को दमदम जंक्शन पर एक यात्री को गिरने से बचाया गया। 17 नवंबर को जसीडीह स्टेशन, 9 दिसंबर को भागलपुर और 13 जनवरी 2026 को साहिबगंज में भी इसी तरह की घटनाओं में समय रहते हस्तक्षेप कर यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया। 24 जनवरी को जसीडीह में एक युवती को बचाया गया। फरवरी माह में भी कई गंभीर घटनाएं सामने आईं, जिनमें 2 फरवरी को विधाननगर में एक यात्री चलती ट्रेन से लटक गया, 10 फरवरी को दुर्गापुर में एक 70 वर्षीय व्यक्ति गैप में फिसल गया, जिसके चलते इमरजेंसी ब्रेक लगाना पड़ा, और 20 फरवरी को सुल्तानगंज में एक बुजुर्ग को सुरक्षित बचाया गया। इन सभी मामलों में आरपीएफ की सतर्कता ने संभावित हादसों को टाल दिया।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि आरपीएफ यात्रियों की सुरक्षा के लिए हर समय सतर्क रहती है, लेकिन यात्रियों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने सभी से अपील की कि कभी भी चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें।

### आसनसोल में नाका चेकिंग के दौरान विदेशी करेंसी बरामद, एक गिरफ्तार

**आसनसोल :** आसनसोल साउथ थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात करीब 10.30 बजे कालीपहाड़ी मोड़ पर नाका चेकिंग के दौरान एक कार से विदेशी मुद्रा और नकदी बरामद की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एक कार, जो कि कोलकाता से आसनसोल की ओर आ रही थी, को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी के दौरान कार चालक के पास से चार हजार अमेरिकी डॉलर, चार हजार दीनार और लगभग डेढ़ लाख रुपये बरामद हुए। मैरून रंग की हुंडई कार में सवार चालक से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह आसनसोल में किसी के पास आया था या यहां से झारखण्ड की ओर जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही आसनसोल साउथ थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और जांच की निगरानी की। फिलहाल, आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच जारी है।



**साल्ट लेक लोक संस्कृति द्वारा आयोजित दो दिवसीय गणगौर मेला में ऋविशेष अतिथि पू.विधायक दिनेश बजाज,मनीषा बजाज,सुशील चौधरी,अध्यक्ष संदीप गर्ग,महेंद्र अग्रवाल,मनीष बजाज।**

### हावड़ा टाउन जिला भाजपा युवा मोर्चा में जयंत गुप्ता बने उपाध्यक्ष



**हावड़ा :** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजपा युवा मोर्चा) के हावड़ा टाउन जिला संगठन में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इस क्रम में युवा कार्यकर्ता जयंत गुप्ता को हावड़ा टाउन जिला इकाई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष गोरांग भट्टाचार्य तथा राज्य अध्यक्ष इंद्रनील खान की सहमति और अनुमोदन के बाद की गई है। जारी सूची के अनुसार संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर कई पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। जयंत गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

## श्री विशुद्धानन्द हॉस्पिटल में इमामी फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त वेंटिलेटर मशीन मानव सेवा को समर्पित

**कोलकाता :** श्री विशुद्धानन्द हॉस्पिटल में इमामी फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त वेंटिलेटर मशीन को मानव सेवा को समर्पित किया गया। उद्घाटन समारोह में पिया नन्दी, संजीव विजयवर्गीय ने समाजसेवी राधेश्याम अग्रवाल, राधेश्याम गोयनका एवम् परिवार के मार्गदर्शन में किये जा रहे सेवाकार्यों की जानकारी दी। अतिथियों ने हॉस्पिटल प्रबंधन, डॉक्टरों की टीम एवं कार्यकर्ताओं की मानव सेवा की सराहना की। हॉस्पिटल की ओर से दीपक बंका ने स्वागत वक्तव्य में रोगियों के लिये तकरीबन 150 बेड - केबिन से सुसज्जित हॉस्पिटल की निरंतर प्रगति में सभी सहयोगी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत गिरधारीलाल मस्करा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, हेमचंद अग्रवाल, दीपक बंका, मनोज पराशर, अनिल चौधरी, दयानन्द सोनी, पवन फतेहपुरिया एवम् कार्यकर्ताओं ने किया।



हेमचंद अग्रवाल ने बताया हॉस्पिटल के अध्यक्ष बनवारीलाल सोती, प्रधान सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल के मार्गदर्शन में वर्तमान में 19 डायलिसिस मशीनों से प्रति माह एक हजार से ज्यादा रोगियों को डायलिसिस चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। मनोज पराशर ने अस्पताल में 4 ऑपरेशन थिएटर, ऑर्थोपेडिक यूनिट, अत्याधुनिक डेंटल यूनिट, सिटी स्कैन, डिजिटल एक्स रे एवम् सभी विभागों में निरन्तर प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा स्मार्ट आई सी यू (क्लाउड फिजिशियन) की देख रेख में वेंटिलेटर सेवा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। निर्मल केडिया, नरेन्द्र बागड़ी, राजेन्द्र धनानिया, विष्णु मस्करा एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे। संचालन दीपक बंका एवं धन्यवाद ज्ञापन दयानन्द सोनी ने किया।

### रामनवमी पर श्रीराम मंदिर के सामने शीतल जल व शरबत का निःशुल्क वितरण



**कोलकाता, समाज्ञा :** रामनवमी के शुभ अवसर पर कोलकाता की प्राचीन सेवा संस्था श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति की ओर से चित्तरंजन एवेन्यू स्थित श्री राम मंदिर के सामने श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए शीतल जल एवं शरबत का निःशुल्क वितरण किया गया। यह सेवा कार्य भगवान श्रीराम की भव्य सवारी के मद्देनजर किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं तथा राहगीरों को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से यह पहल की गई। समिति के अध्यक्ष एवं विधायक विवेक गुप्ता के निर्देशानुसार प्रधान सचिव बिमल दीवान, सह सचिव पवन बंसल, सुभाष सवालदावाला और मनोज चौधरी के नेतृत्व में वितरण सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक संजय बक्शी, पार्षद विजय उपाध्याय और पार्षद राजेश सिन्हा उपस्थित रहे और इस सेवा कार्य की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सुभाष चंद्र गोयनका, आदित्य विक्रम तुलस्यान (चीकू भाई), संतोष अग्रवाल, महेश काबरा, सुमित झुनझुनवाला, प्रकाश सांगानेरिया, महावीर नारनौली, गोबिंद पंसारी और अनु मिश्रा सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। समिति के उप सचिव पवन बंसल ने बताया कि यह आयोजन संस्था के निरंतर सेवा कार्यों की एक कड़ी है।

### विक्टोरिया मेमोरियल हॉल में 'लेंसस्केप केरल' प्रदर्शनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय फोटो प्रदर्शनी 'लेंसस्केप केरल' का आरंभ विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के दरबार हॉल में हुआ। इस प्रदर्शनी में भारत के 10 प्रमुख ट्रैवल और मीडिया फोटोग्राफरों द्वारा खींचे गए 100 फ्रेमों के माध्यम से 'ईश्वर के अपने देश' केरल की हरी–भरी प्रकृति, समावेशी संस्कृति और एक किसी भी मौसम में आ सकने वाले पर्यटन स्थल के रूप में वहां के जीवन के अनुभवों को प्रदर्शित किया गया है। यह प्रदर्शनी, विक्टोरिया मेमोरियल हॉल (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा केरल पर्यटन, केरल सरकार के सहयोग से आयोजित की गई है। इसका उद्घाटन वीएमएच के सचिव और क्यूरेटर डॉ. सायन भट्टाचार्य ने किया।

## मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने पश्चिम बंगाल में तीन नए शोरूम के साथ बढ़ाया विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने पश्चिम बंगाल में अपने विस्तार को और मजबूत करते हुए वीआईपी रोड, श्रीरामपुर और कांचरापाड़ा में तीन नए शोरूम का उद्घाटन किया। इन नए शोरूम के साथ राज्य में कंपनी के कुल शोरूम की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। श्रीरामपुर स्थित शोरूम का उद्घाटन 27 मार्च को किया गया, जो पश्चिम बंगाल में कंपनी का आठवां शोरूम है। वहीं, कांचरापाड़ा और वीआईपी रोड के शोरूम 28 मार्च को शुरू किए गए, जो राज्य में क्रमशः नौवें और दसवें आउटलेट हैं। तीनों शोरूम का उद्घाटन लोकप्रिय अभिनेत्री और पश्चिम बंगाल में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की ब्रांड एंबेसडर रुक्मिणी मैत्रा ने किया। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ




अधिकारी, ईस्ट रीजन के बिजनेस हेड अमित राउथ और रीजनल हेड तहसील अहमद सहित कई गणमान्य अतिथि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। शोरूम में ब्राइडल ज्वेलरी, त्योहारों और खास मौकों के लिए विशेष कलेक्शन, रोजमर्रा के पहनावे के लिए हल्के डिजाइन और आधुनिक स्टाइल की ज्वेलरी उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा डायमंड, अनकट डायमंड, जेमस्टोन, हस्तनिर्मित गोल्ड और पोल्की ज्वेलरी के सिग्नेचर कलेक्शन भी ग्राहकों के लिए पेश किए गए हैं।

मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा कि पश्चिम बंगाल कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, जहां ग्राहक डिजाइन और गुणवत्ता दोनों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि इन नए शोरूम के माध्यम से कंपनी विभिन्न इलाकों में बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगी। कंपनी ने बताया कि ग्राहकों को पारदर्शी मूल्य निर्धारण, उत्पाद की विस्तृत जानकारी, एचयूआईडी प्रमाणित सोना, प्रमाणित हीरे और वन इंडिया वन गोल्ड रेट नीति का लाभ मिलेगा, जिसके तहत पूरे देश में सोने की कीमत एक समान रहती है। इसके साथ ही अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष एडवांस बुकिंग ऑफर भी उपलब्ध हैं। कंपनी मेकिंग चार्ज 4.9 प्रतिशत से शुरू कर रही है और पुराने सोने के एक्सचेंज पर 0 प्रतिशत कटौती की सुविधा भी दे रही है।

## लाभपुर में अभिषेक की मंच पर लगी आग, भाषण खत्म कर निकलने के तुरंत बाद हुई घटना

**बीरभूम :** चुनावी माहौल के बीच तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की जनसभा के मंच पर अचानक आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। यह घटना बीरभूम जिले के लाभपुर में मां फुल्लरा मेला मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा के दौरान हुई। जानकारी के अनुसार, अभिषेक बनर्जी तृणमूल प्रत्याशी अभिजीत सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार करने वहां पहुंचे थे। तय कार्यक्रम के अनुसार, उन्होंने मंच से अपना संबोधन दिया और करीब 40 मिनट तक भाषण देने के बाद वहां से रवाना हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, उनके मंच से उतरने के कुछ ही समय बाद मंच के एक कोने से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया और फिर आग की लपटें नजर आने लगीं। बताया जा रहा है कि मंच तृणमूल कांग्रेस के झंडों और सजावटी सामग्री से ढका हुआ था और उसी के बीच से आग दिखाई देने लगी। देखते ही देखते वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और पूरा इलाका धुएं से भर गया। मौके पर तैनात अग्निशमन कर्मियों ने तुरंत पहुंचकर स्थिति को संभाला। उनकी त्वरित कार्रवाई के कारण कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया और किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह बिजली के तारों में खराबी मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि मंच के खंभों के साथ बंधे बिजली के तार जल गए थे, जिससे यह घटना हुई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि आग लगने के समय अभिषेक बनर्जी मंच पर मौजूद नहीं थे और समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ।



# मुर्शिदाबाद हिंसा : रघुनाथगंज और जंगीपुर में निषेधाज्ञा, पुलिस ने स्थिति को सामान्य बताया

❑ अबतक 30 गिरफ्तार, आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही पुलिस
❑ संवेदनशील इलाकों में गश्त जारी

**मुर्शिदाबाद :** जिले के रघुनाथगंज और जंगीपुर इलाकों में शनिवार को निषेधाज्ञा लागू रही। यह कदम एक दिन पहले रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसक झड़पों के बाद उठाया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हिंसा के सिलसिले में अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, और स्थिति 'सामान्य एवं नियंत्रण में' है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान पुलिस द्वारा उजागर नहीं की गई है। अधिकारी ने बताया कि राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवान इलाके में गश्त कर रहे हैं, तथा त्वरित प्रतिक्रिया बल (आरएएफ) ने लोगों में विश्वास बहाल करने के लिए 'रूट मार्च' निकाला। बाजार क्षेत्रों में दुकानें बंद रहीं और सड़कों पर भी कम लोग नजर आए। हालांकि, जरूरी सेवाओं से जुड़ी दुकानें खुली रहीं और वाहनों की आवाजाही भी सामान्य रही। अधिकारी ने कहा कि इस क्षेत्र में उपमंडल अस्पताल स्थित है, और हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। हमारे अधिकारी और अर्धसैनिक बल, पर्याप्त संख्या में वहां मौजूद हैं। उल्लेखनीय है कि रघुनाथगंज में मैकेंजी पार्क के पास रामनवमी शोभायात्रा के दौरान तेज आवाज में संगीत बजाए जाने को लेकर हुए विवाद के बाद हिंसा भड़क उठी। खबरों के मुताबिक, कुछ लोगों ने एक धर्मस्थल के पास संगीत बजाए जाने पर आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों शहरों के अलग-अलग इलाकों में झड़पें हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और पूरे जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संवेदनशील इलाकों में केंद्रीय बलों की लगातार गश्त जारी है और फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। वहीं, घटना को गंभीरता से लेते हुए निर्वाचन आयोग ने राज्य के पुलिस महानिदेशक से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।



# चुनावी माहौल के बीच एक्शन में ईडी, बालीगंज में कारोबारी के फ्लैट पर छापेमारी

❑ जमीन प्रोजेक्ट के नाम पर करोड़ों की ठगी का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनावी माहौल के बीच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एक बार फिर सक्रिय हो गया है। शनिवार की सुबह कोलकाता के बालीगंज इलाके में एक कारोबारी के फ्लैट पर ईडी ने छापेमारी की। यह कार्रवाई जमीन और रियल एस्टेट प्रोजेक्ट के नाम पर कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में की गई है। जानकारी के अनुसार, बालीगंज सर्कुलर रोड स्थित एक बहुमंजिला आवासीय परिसर में ईडी के अधिकारियों ने तलाशी अभियान चलाया। ईडी सूत्रों के मुताबिक, संबंधित कारोबारी कई सौ करोड़ रुपये के वित्तीय घोटाले में शामिल हो सकता है। जांच एजेंसी को यह भी संदेह है कि इस कथित भ्रष्टाचार में कारोबारी की सक्रिय भूमिका रही है और उसे इससे आर्थिक लाभ भी हुआ है। तलाशी के दौरान जांचकर्ता कारोबारी के वित्तीय लेनदेन, बैंक दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण कागजात की गहन जांच कर रहे हैं। साथ ही, इस मामले में और किन-किन लोगों की संलिप्तता हो सकती है, इसकी भी पड़ताल की जा रही है। छापेमारी के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर आवास परिसर के प्रवेश और निकास द्वार पर केंद्रीय बलों के जवान तैनात किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, इसी मामले में ईडी कोलकाता और आसपास के सात से आठ अन्य स्थानों पर भी एक साथ जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जमीन विकास और रियल एस्टेट परियोजनाओं का झांसा देकर कई लोगों से पैसा लिया गया था। आरोप है कि वादा करने के बावजूद परियोजनाएं पूरी नहीं की गईं और जमा धनराशि को अन्य जगह स्थानांतरित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इस मामले में मिली कई शिकायतों के आधार पर ईडी ने यह कार्रवाई शुरू की है। फिलहाल जांच जारी है और आने वाले दिनों में इस मामले में और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# ममता सरकार ने डीए भुगतान आदेश में किया संशोधन

❑ एक बार में ही मिलेगा करीब 48 माह का भत्ता

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में होने वाले विधानसभा में अब एक महीने से भी कम का समय शेष रह गया है। ऐसे में राज्यभर में कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की महंगाई भत्ता (डीए) को लेकर तेज हो रही राजनीति के बीच बंगाल सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने फैसला किया है कि बकाया महंगाई भत्ता (डीए) अब एक ही बार में दिया जाएगा, जबकि पहले इसे दो किस्तों में देने की बात कही गई थी। एक अधिकारी के अनुसार, यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद लिया गया है, जो फरवरी में आया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह कर्मचारियों का बकाया डीए जल्द से जल्द चुका दे।

इसके बाद, सरकार ने पहले 13 मार्च को आदेश जारी कर कहा था कि भुगतान मार्च से शुरू होगा और दो हिस्सों में दिया जाएगा। लेकिन अब उस फैसले में बदलाव करते हुए सरकार ने तय किया है कि पूरा पैसा एक साथ दिया जाएगा। सरकार अब जनवरी 2016 से दिसंबर 2019 तक का पूरा बकाया डीए 31 मार्च तक जारी करेगी। इसका फायदा वर्तमान कर्मचारियों, पेंशनधारकों और परिवार पेंशन पाने वालों सभी को मिलेगा। इस फैसले से लाखों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है, जो लंबे समय से अपने बकाया भत्ते का इंतजार कर रहे थे।

# उत्तरपाड़ा में पोस्टर को लेकर सियासी घमासान

❑ तृणमूल सांसद के बेटे पर निशाना

**हुगली, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले उत्तरपाड़ा में एक पोस्टर को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। हिंदमोटर, रवींद्रनगर और विधान पार्क समेत कई इलाकों में लगे पोस्टरों ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। पोस्टर में लिखा है बेटा अभी तक पिता के बिना अकेले सड़क पर निकलना नहीं सीखा, क्या वह उत्तरपाड़ा के लोगों की जिम्मेदारी संभालेगा। नीचे उत्तरपाड़ा कल्याण परिषद का नाम लिखा है। हालांकि, पोस्टर में किसी भी राजनीतिक दल का प्रतीक नहीं है और इसे किसने लगाया, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। सोशल मीडिया पर पोस्टर की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिससे राजनीतिक बयानबाजी और तेज हो गई है।

गौरतलब है कि उत्तरपाड़ा विधानसभा सीट से कल्याण बनर्जी के बेटे शीर्षण्य बंद्योपाध्याय को तृणमूल कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। वहीं सीपीएम ने मीनाक्षी मुखोपाध्याय को चुनावी मैदान में उतारा है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व एनएसजी कमांडो दीपांजन चक्रवर्ती को उम्मीदवार बनाकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है।




बीजेपी नेता प्रणय राय ने आरोप लगाया कि यह पोस्टर तृणमूल के कार्यकर्ताओं ने ही लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तरपाड़ा में बाप बेटे की राजनीति नहीं चलेगी, बल्कि एक 'सैनिक' मैदान में उतरा है, जो अब जनता के अधिकारों के लिए लड़ेगा। वहीं तृणमूल उम्मीदवार शीर्षण्य बनर्जी ने पलटवार करते हुए कहा कि पोस्टर में उनका नाम ही नहीं है, इसलिए इसे उनसे जोड़ना राजनीतिक प्रोपेगेंडा है। उन्होंने दावा किया कि इस तरह के विवादों से उनका वोट घटेगा नहीं, बल्कि बढ़ेगा।

दूसरी ओर, सीपीएम नेता श्रुतिनाथ प्रहराज ने इसे 'रुचिहीन राजनीति' करार देते हुए कहा कि उनकी पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है और वे केवल जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं।

फिलहाल, पोस्टर किसने लगाया, यह रहस्य बना हुआ है, लेकिन इससे उत्तरपाड़ा की सियासत में गर्मी जरूर बढ़ गई है।



चुनावी माहौल के बीच बड़ाबाजार में एक दुकानदार पर पीएम मोदी, मुख्यमंत्री ममता और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी के फेस मास्क की बढ़ी मांग

# तृणमूल लेटरहेड से जजों को धमकी, हाई कोर्ट ने डीजीपी को दिए कार्रवाई के आदेश

## कूचबिहार में जजों को मिली धमकी मिली, पुलिस जांच में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कूचबिहार में तृणमूल कांग्रेस के लेटरहेड पर दो न्यायाधीशों को कथित धमकी भरा पत्र भेजे जाने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश ने इस गंभीर प्रकरण में राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कूचबिहार में तैनात दो न्यायाधीशों को एक पत्र मिला, जो तृणमूल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के लेटरहेड पर लिखा हुआ बताया जा रहा है। पत्र में न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े



एक मामले को लेकर नाराजगी जताते हुए कथित रूप से धमकी दी गई थी। इस घटना से न्यायिक महकमे में चिंता का माहौल पैदा हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों न्यायाधीशों ने इसकी जानकारी सीधे कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को दी।

इसके बाद, मुख्य न्यायाधीश ने तुरंत संज्ञान लेते हुए डीजीपी को निर्देश दिया कि पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हाई कोर्ट के इस हस्तक्षेप के बाद पुलिस महकमा भी सक्रिय हो गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

राजनीतिक दल के लेटरहेड के इस्तेमाल और न्यायाधीशों को कथित धमकी दिए जाने के कारण यह मामला बेहद संवेदनशील माना जा रहा है।

# बंगाल: दिनहाटा और शीतलकुची में नजदीक आ रही मतदान की तारीख

## स्थानीय निवासियों में बढ़ रही बेचैनी

**कूचबिहार :** उत्तर बंगाल में कूचबिहार जिले के दिनहाटा और शीतलकुची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 23 अप्रैल को होने वाले मतदान का समय जैसे-जैसे करीब आ रहा है, स्थानीय निवासियों के बीच एक अजीब बेचैनी बढ़ने लगी है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के गढ़ माने जाने वाले इन इलाकों में मतदाता आशंकित हैं, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के बीच छोटे-छोटे झगड़े कब बम और गोलियों के साथ बड़े सड़क संघर्ष में बदल जाएं, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। दिनहाटा सीट से मौजूदा विधायक, उत्तर बंगाल के विकास मंत्री और टीएमसी नेता उदयन गुहा ने अब तक अपने चुनाव प्रचार में पार्टी के विकास एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किया है और विपक्ष के खिलाफ भड़काऊ बयान देने से बचते रहे हैं, जबकि वह इसके लिए जाने जाते हैं। स्थानीय पत्रकार प्रभिर कुंडू के अनुसार, शायद ऐसा इसलिए है क्योंकि गुहा जानते हैं कि इस बार उनका मुकाबला भाजपा के नए उम्मीदवार अजय रॉय से है, न कि पुराने प्रतिद्वंद्वी निशित प्रमाणिक से। इस वजह से उन्हें अपनी जीत की संभावना बेहतर लग रही है। फॉरवर्ड ब्लॉक के वरिष्ठ नेता और छह बार विधायक रहे कमल गुहा के पुत्र उदयन गुहा 2011 से लगातार तीन बार विधायक हैं। पहली बार वह वाम दल के टिकट पर विधायक बने थे जबकि गत दो बार से वह टीएमसी के विधायक हैं।

साल 2021 में गुहा केवल 57 वोट से प्रमणिक से हार गए थे, लेकिन उपचुनाव में उन्होंने 1.6 लाख से अधिक मतों के अंतर और 84 प्रतिशत वोट हासिल करके वापसी की। प्रमणिक ने केंद्रीय मंत्री बनने के बाद यह सीट छोड़ दी थी, जिसके बाद उपचुनाव हुआ था। साल 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान दिनहाटा में गुहा पर हमला हुआ था, जिसमें उनका हाथ टूट गया था। उन्होंने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था। साल 2023 के पंचायत चुनावों में दो गुटों के बीच झड़प में गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हुए। मार्च 2025 में, कथित टीएमसी समर्थकों ने दिनहाटा में अदालत परिसर से निकल रहे कूचबिहार दक्षिण से भाजपा के विधायक निखिल रंजन डे की कार पर हमला किया। तीन दिन बाद उसी क्षेत्र में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच फिर झड़प हुई, जिसमें कई लोग घायल हुए। अगस्त 2025 में दिनहाटा के सालमारा इलाके में भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों में तोड़फोड़ की गई और कई लोग घायल हुए। हमले के दौरान आठ महीने की एक गर्भवती महिला को भी कथित तौर पर लात मारी गई, जिसकी वजह से वह घायल हो गई। इस तनावपूर्ण माहौल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर नया असंतोष उभर रहा है। इस प्रक्रिया के तहत लगभग 26,000 नाम या तो मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं या जांच के अधीन हैं। प्रभावित लोगों में 51 पूर्व बांग्लादेशी बस्ती के निवासी भी शामिल हैं, जिन्हें 2015 में भारत और पड़ोसी देश के बीच हुए ऐतिहासिक बस्ती आदान-प्रदान के बाद भारतीय नागरिक बनाया गया था। मध्य मशालडांगा के निवासी जैनुल आबिदीन ने कहा, निर्वाचन आयोग के आश्वासन के बावजूद हममें से लगभग 80 प्रतिशत यानी करीब 8,000 लोग अब भी जांच के अधीन हैं। यह विडंबना है कि हमारी नागरिकता पर फिर सवाल उठ रहा है। पवातुर्कुठी के सद्दाम हुसैन ने कहा, हमने निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन से कई बार अपील की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अगर नाम नहीं जोड़े गए तो हम अदालत जाने की योजना बना रहे हैं। बस्ती निवासियों के अधिकारों के लिए आंदोलन का नेतृत्व करने वाले भाजपा नेता दीप्तिमान सेनगुप्ता ने कहा कि वह पार्टी से पहले प्रभावित लोगों के साथ खड़े होंगे। साल 2021 के चुनाव में दिनहाटा जैसा ही तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल पास के शीतलकुची में भी दिखा था, जहां मतदान के दिन हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी। शीतलकुची के जोरपाटकी गांव में मतदान के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों की गोलीबारी में चार युवकों की मौत हो गई थी। बलों का कहना था कि उन्होंने आत्मरक्षा में गोली चलाई। उसी दिन एक अन्य घटना में एक भाजपा समर्थक और पहली बार वोट देने वाले युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। साल 2021 में भाजपा के बरेन चंद्र बर्मन ने टीएमसी के पार्थ प्रतिम राय को लगभग 18,000 वोट से हरा दिया था। इस बार टीएमसी ने हरिहर दास को उम्मीदवार बनाया है, जिन्हें भाजपा के राज्यसभा सदस्य अनंत महाराज का करीबी माना जाता है, जिससे स्थानीय राजनीति में नया समीकरण बन सकता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में अनंत महाराज को राजबंशी समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान के लिए बंगाल का सर्वोच्च सम्मान बंग विभूषण प्रदान किया था। भाजपा ने भी अपने मौजूदा विधायक की जगह नयी उम्मीदवार सवित्री बर्मन को मैदान में उतारा है। लेकिन शीतलकुची के आमतली माध्यमिक शिक्षा केंद्र परिसर में बना शहीद स्तंभ आज भी 2021 की गोलीबारी की याद दिलाता है। निर्वाचन आयोग के सामने इस बार भी हिंसा-मुक्त चुनाव कराने की बड़ी चुनौती है।

# पूर्वांचल तेरापंथी सभा ने आचार्य भिक्षु अभिनिष्क्रमण दिवस मनाया



**कोलकाता :** तेरापंथ धर्म संघ के आद्य प्रवर्तक आचार्य श्री भिक्षु स्वामी के 267 वें अभिनिष्क्रमण दिवस पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट ने सभा परिसर तुलसी वाटिका में भक्ति संध्या का आयोजन किया। संस्था अध्यक्ष संजय कुमार सिंघी ने इस अवसर पर आचार्य श्री भिक्षु के प्रति अपनी भावांजलि प्रस्तुत की। तेरापंथ युवक परिषद, पूर्वांचल के अध्यक्ष राजीव बोथरा ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जैन कला संगम और पूर्वांचल स्वर लहरी के संगायकों ने अपनी सुमधुर वाणी से श्रावक श्राविका समाज को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सभा न्यासी अमर सिंह सिंघी, अशोक जैन, कोलकाता सभा के संगठन मंत्री ललित बैद, तेयुप के सह मंत्री मनोज सामसुखा आदि की सराहनीय उपस्थिति रही।

जैन कला संगम के संयोजक रंजीत बैद, अशोक जैन, संजय सिंघी, धीरज मालू, मनोज भादानी, दिलीप चोपड़ा, राजुल देवी सिंघी, हेमलता खटेड़, सुनीता दूगड़ आदि ने अपनी गीतिकाओं के माध्यम से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। सभा की तरफ से सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया और सभी को 31 मार्च को भगवान महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर रैली में उपस्थित रहने के लिए अनुरोध किया गया।

# प्रसिद्ध चित्रकार सुलोचना सारस्वत की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**कोलकाता, समाज्ञा :** सांस्कृतिक पुनर्निर्माण मिशन की ओर से भारतीय भाषा परिषद में दिवंगत चित्रकार सुलोचना सारस्वत की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने उन्हें याद करते हुए उनके कला-साधना और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विश्व भारती की पूर्व प्रोफेसर और सुलोचना सारस्वत की करीबी प्रो. मंजू रानी सिंह ने कहा कि सुलोचना सारस्वत प्रतिकूल परिस्थितियों में आगे बढ़ने वाली सशक्त चित्रकार थीं। वहीं, डॉ. शंभुनाथ ने कहा कि सुलोचना कला और संस्कृति से गहरा प्रेम रखने वाली कलाकार थीं।

मृत्युंजय श्रीवास्तव ने सुलोचना सारस्वत से अपनी तीन दशकों पुरानी मित्रता का जिक्र करते हुए कहा कि वह अपने सिद्धांतों और शर्तों पर जीवन जीने वाली चित्रकार थीं। इस अवसर पर सेराज ख़ान बातिश, अनीता राय, जितेन्द्र जितांशु, मीनाक्षी संगोनारिया, रितेश पांडेय, राधिका सारस्वत, ऋषु सारस्वत और प्रांशी सारस्वत ने भी उनसे जुड़े संस्मरण साझा करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में प्रो. हितेन्द्र पटेल, शिप्रा मिश्रा, डॉ. संजय राय, अल्पना नायक, मंटू दास, श्रद्धांजलि सिंह, राकेश सिंह, अंजलि साव, संजना जायसवाल, अनिल साह, आशुतोष राउत, सत्यम पांडेय, अनूप प्रसाद, शिखा सिंह, डॉ. रमाशंकर सिंह, प्रमोद महतो, भवानी शंकर सारस्वत, संजय दास, चंदना मंडल, सूर्य देव रॉय, कंचन भगत, अनुश्री साव और शुभोस्वप्ना मुखर्जी सहित बड़ी संख्या में उनके मित्र और शुभचिंतक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मिशन के महासचिव डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि सुलोचना सारस्वत हर वर्ष हिंदी मेला में उपस्थित रहकर चित्रांकन और कविता पोस्टर प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करती थीं।

# ला मार्टिनियर फॉर गर्ल्स स्कूल में 'द्वितीय भाषा शिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता' विषय पर कार्यशाला आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** ला मार्टिनियर फॉर गर्ल्स स्कूल में द्वितीय भाषा शिक्षण को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से द्वितीय भाषा शिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के हिंदी और बांग्ला विभाग के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का संचालन सुप्रसिद्ध शिक्षाविद्, लेखक एवं प्रशिक्षक डॉ. त्रिलोक नाथ पांडेय किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने शिक्षण प्रक्रिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि एआई के माध्यम से भाषा शिक्षण को अधिक रोचक, व्यक्तिगत और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने विभिन्न डिजिटल उपकरणों, गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धतियों और नवीन मूल्यांकन तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया, जिससे शिक्षकों को नई तकनीकों के उपयोग की उपयोगी जानकारी मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या आर. सरकार ने की। अपने धन्यवाद ज्ञापन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा और तकनीक का समन्वय अत्यंत आवश्यक है तथा इस प्रकार की कार्यशालाएँ शिक्षकों को नया दृष्टिकोण प्रदान करती हैं।



उन्होंने डॉ. पांडेय के योगदान की सराहना करते हुए इसे शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष सीमा शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने विचार और जिज्ञासाएं साझा कीं। डॉ. पांडेय ने विद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से कलकत्ता बॉयज़ स्कूल (ग्रुप ऑफ स्कूल्स) के प्राचार्य एवं सचिव राजा मैगी को धन्यवाद दिया, जिनके सहयोग से यह कार्य संभव हो सका।

## राज्यों की खबरें

# विवाहित व्यक्ति तलाक लिए बिना लिव-इन संबंध में नहीं रह सकते : इलाहाबाद उच्च न्यायालय



**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि शादीशुदा महिला और पुरुष अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए उनसे तलाक लिए बगैर किसी तीसरे व्यक्ति के साथ कानूनी रूप से सहजीवन (लिव इन) संबंध में नहीं रह सकते। न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकल पीठ ने कहा कि सक्षम अदालत से तलाक हासिल किए बिना न्यायालय लिव-इन संबंध में रहने वाले याचिकाकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई रिट या निर्देश जारी नहीं कर सकता है। बहरहाल, अदालत ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता परेशान हैं या उन्हें किसी प्रकार की हिंसा की आशंका है तो वे एक विस्तृत प्रार्थना पत्र देकर संबंधित पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर सकते हैं और संबंधित अधिकारी प्रार्थना पत्र की विषय वस्तु की जांच कर याचिकाकर्ताओं के जीवन की सुरक्षा के लिए कानून के मुताबिक आवश्यक कार्रवाई करेगा। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने अंजू और उसके पुरुष साथी द्वारा दायर याचिका निस्तारित कर दी जिसमें प्रतिवादियों को उनके ''शांतिपूर्ण जीवन'' में दखल नहीं देने और सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि ''दोनों याचिकाकर्ता पति-पत्नी की तरह साथ रह रहे हैं और उन्हें अपनी जान का खतरा है।'' राज्य सरकार के स्थायी अधिवक्ता ने कहा कि दोनों याचिकाकर्ता किसी अन्य व्यक्तियों के साथ विवाहित हैं और इन याचिकाकर्ताओं का साथ रहना ''अवैध'' है क्योंकि इन्होंने अपने जीवन साथी से तलाक नहीं लिया है। इस पर अदालत ने कहा, ''ऐसी स्थिति में लिव-इन संबंध में होने का दावा करने वाले इन याचिकाकर्ताओं को भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए सुरक्षा नहीं दी जा सकती।'' अदालत ने 20 मार्च को दिए अपने निर्णय में कहा, दो वयस्क व्यक्तियों की निजी स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करने का अधिकार किसी को भी नहीं है और उनके माता पिता तक उनके संबंधों में हस्तक्षेप नहीं कर सकते। लेकिन, स्वतंत्रता का अधिकार या निजी स्वतंत्रता का अधिकार अपने आप में पूर्ण नहीं है, बल्कि इस पर कुछ पाबंदियां भी लागू होती हैं।

### 'सरकारी कर्मचारी की इलाज के दौरान मृत्यु होने पर कानूनी वारिस प्रतिपूर्ति का दावा कर सकते हैं'

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शनिवार को कहा कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की इलाज के दौरान मृत्यु हो जाती है या वह चिकित्सा खर्च की प्रतिपूर्ति का दावा करने में असमर्थ हो जाता है, तो उसके कानूनी उत्तराधिकारी भी प्रतिपूर्ति का दावा कर सकते हैं। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने चंद्रचूड़ सिंह की याचिका पर यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता के पिता सेवानिवृत्त डिप्टी रजिस्ट्रार थे। उनका इलाज लखनऊ के निजी अस्पतालों में कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। याचिकाकर्ता ने चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन किया, लेकिन विभाग ने यह कहते हुए दावा खारिज कर दिया कि नियमों के तहत केवल ''लाभार्थी'' ही दावा कर सकता है।

# बीएसएफ महानिदेशक ने कश्मीर में एलओसी पर परिचालन तैयारियों की समीक्षा की

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा स्थिति और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। बीएसएफ प्रमुख का तीन दिवसीय दौरा शनिवार को समाप्त हो गया। बीएसएफ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'बीएसएफ के डीजी श्री प्रवीण कुमार ने एलओसी पर सुरक्षा परिदृश्य और परिचालन तैयारियों की समीक्षा करने के लिए बीएसएफ के कश्मीर फ्रंटियर का दौरा किया।' बीएसएफ ने बताया कि महानिदेशक ने अधिकारियों, स्थानीय कमांडरों और जवानों से बातचीत की। इसने बताया, 'उन्होंने नियंत्रण रेखा पर स्थित अग्रिम चौकियों का भी दौरा किया।' प्रहरी सम्मेलन के दौरान, कुमार ने सैनिकों के कल्याण संबंधी मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा, 'उनकी अटूट निष्ठा आत्मविश्वास और ताकत प्रदान करती है।'

# मूसी महारानी की छतरी, अलवर, राजस्थान

## हमारी अनजानी धरोहर 93



डॉ. एस. के. सैनी

राजस्थान में राज परिवारों के अत्यधिक लोकप्रिय और प्रजा वत्सल राजाओं और रानियां की स्मृति को चिरस्थाई रखने के लिए क्षत्रियों के निर्माण करने की परंपराएं सभी राजघरानो में रही हैं चाहे वह जयपुर का हो, चाहे कोटा का हो, चाहे जैसलमेर का हो, चाहे अलवर का हो।

अलवर राज्य में राजा बख्तावर सिंह बहुत ही लोकप्रिय और दयालु राजा रहे हैं उनकी पत्नी मूसी महारानी उन्हें अत्यधिक प्रिय थी और अपनी मां की स्मृति को स्थाई रखने के लिए उनके पुत्र विनय सिंह ने मूसी महारानी की स्मृति में इस छतरी का निर्माण 1841 मे किया इसके प्रथम तल पर संगमरमर है जबकि अधारताल पर बलुआ पत्थर से इस छतरी का निर्माण किया है इस तरह से यह छतरी अत्यधिक कलात्मक हो गई है इसमें चारों ओर बलुवे पत्थर का प्रयोग दिखाई देता है और अंदर की ओर संगमरमर का उपयोग समाधि बनाने और पच्चीकारी में किया गया है इस छतरी में अंदर जब हम प्रणाम करने पहुंचते हैं तो उसे समय संगमरमर की बड़ी-बड़ी पैनलों पर उतारी गई चित्रात्मक कृतियां चाहे वह बेल बूटे हो चाहे वह फूल हो बर बस ही उसे समय की राजपूती कल की सर्वोच्चता का हमें एहसास कराती है।

इसका गुंबद भी राजपूत शैली के महलों के निर्माण का एक प्रतीक है जो मुगलो से एकदम भिन्न है यह छतरी वर्तमान में राजमहल के अंदर है और राजमहल में अभी जिलाधीश कार्यालय व जिला न्यायाधीश कार्यालय चल रहा है वकीलों के चीटियों से गुजरते हुए हम दो सीढ़ियां लंबी-लंबी पार करके और



इस जगह हम पहुंचते हैं तो हमें यह भव्य छतरी दिखाई देती है दूसरी और अरावली की पर्वतमाला इतनी नजदीक दिखाई देती है कि दौड़ करके उसे छू लिया जाए।

छतरी के पास ही एक विराट तालाब नुमा कुंड का निर्माण किया गया है जो बहुत ही विस्तृत है यहां से राजमहलों के दृश्य भी बहुत ही अच्छे दिखाई देते हैं यह छतरी बाहर से,दूर से बिल्कुल भी नहीं दिखाई देती है किंतु जब पर्यटक दो जीने चढ़कर के वहां पहुंचता है तो इसकी भव्यता को देखकर के मंत्र मुग्ध रह जाता है।

सामने तीन छतरियां संगमरमर की निर्मित हैं। उनके राजपूती स्थापत्य कला के गुंबद बरबस ही ध्यान आकर्षण कर आकर्षित कर लेते हैं और उनके अगल-बगल में लाल बलुवे पत्थर से बनी हुई चारों ओर छतरियां इस विराट छतरी को बहुत ही सुंदर रूप देती है.राजपूती स्थापत्य कला इस स्मारक के कण कण में दिखाई देती है हर पत्थर में दिखाई देती है छतरी के चारों ओर परिक्रमा स्थल इतना विराट है जिससे उसकी और शोभा बढ़ जाती है यह स्थल अनूठा है किंतु अलवर और राजस्थान के बाहर के लोगों में और पर्यटकों को इसकी ज्यादा जानकारी नहीं है जिन्हें जानकारी है वह एक खींचे चले आते हैं वर्तमान में इस स्मारक का रखरखाव राजस्थान सरकार के पुरातत्व संग्रहालय विभाग द्वारा किया जा रहा है।

# धूप के चश्मे के चुनाव में सावधानी बरतें



सनोज कुमार

गर्मियां शुरू होते ही अधिकांश व्यक्तियों को धूप के चश्मे की जरूरत महसूस होने लगती है। चिलचिलाती धूप में आंखों पर बिना चश्मा बाहर जाने पर आंखों में जलन, पानी गिरना, सिर चकराना, जी मिचलाना जैसी शिकायतें होने लगती हैं।

### पहनने से पहले परखिए

लेंस के रंग का चयन करते समय भी सावधानी बरतें। लेंस ऐसे रंग का हो जो आंखों को कोमलता का अहसास दिलाए। लेंस हमेशा हरे, हल्के काले, गहरे नीले, कत्थई या भूरे रंग का ही खरीदें। अच्छी किस्म और उचित रंगों के लेंस सूर्य की किरणों और प्रकाश को परावर्तित करके वापस लौटा देते हैं। फलस्वरूप लेंस गर्म नहीं होते और आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाते।

लेंस के अलावा चश्मे का फ्रेम भी ठीक होना चाहिए। आजकल चश्मे की दुकानों पर विभिन्न प्रकार के फ्रेम मिलते हैं जैसे धातु फ्रेम, सेल्यूलोज नाइट्रेट फ्रेम आदि। चश्मे का फ्रेम न ज्यादा तंग और न अधिक ढीला होना चाहिए। साथ ही चश्मे का फ्रेम ऐसा हो जो चेहरे के आकार-प्रकार के अनुरूप और सुविधाजनक हो।

लगातार आवश्यक स्थानों पर व अनुपयुक्त समय पर धूप का चश्मा लगाते रहने से प्रकाशांतक (फोटोफोबिया) नामक रोग भी हो सकता है। अतः इसका उपयोग केवल आवश्यकता होने पर ही करना चाहिए।

कभी भी सस्ते व घटिया किस्म के लेंसों वाले चश्मे न खरीदें। सस्ते चश्मों में लेंस के स्थान पर वही शीशे लगा दिये जाते हैं जो खिड़कियों आदि में इस्तेमाल किए जाते हैं।

शीशे के अलावा प्लास्टिक का भी प्रयोग होता है। घटिया शीशे या प्लास्टिक के ये लेंस सूर्य की किरणों के साथ आने वाली पराबैंगनी किरणों से आंखों को नहीं बचा पाते और लेंस के माध्यम से आर-पार होकर आंखों को नुकसान पहुंचाते हैं।

### जरूरी है सावधानी

◆ चश्मा लगाने से पहले चश्मे के लेंस को फलालेन या किसी मुलायम कपड़े से अवश्य पोंछ लें

◆ चश्मे को सदा दोनों हाथों से पहनना व उतारना चाहिए। एक हाथ से चश्मा उतारने से फ्रेम ढीला पड़ जाता है और फ्रेम खराब हो सकता है।

◆ अगर चश्मे को मेज पर रखना हो तो उसकी कमानियां मोड़कर ऐसे रखें कि लेंस ऊपर की ओर रहें।

◆ चश्मा खरीदते समय उसे धूप में लगाकर जांच लें। दुकान की कृत्रिम रोशनी में देखकर सही निर्णय नहीं लिया जा सकता। (उर्वशी)

# कैसे आकर्षक बनाएं उपहार पैकिंग को

रूबी

उपहार लेने व देने की परंपरा व बरसों पुरानी है। राजा महाराजाओं के काल से चली आ रही इस परंपरा को आज भी लोगों ने कायम रखा है। सच पूछा जाए तो उपहार प्रेम की अभिव्यक्ति का माध्यम हैं। उपहार बेहद कीमती या साधारण भी हो सकता है। समाज में व्यस्तता इतनी अधिक हो गई है कि लोगों को उपहार खरीदने का समय तो कैसे भी मिल जाता है किन्तु उन्हें पैक कर आकर्षक बनाने का समय किसी के पास नहीं होता।

देखा जाए तो बेशुमार कीमती उपहार को भी यदि आप बिना अच्छी पैकिंग के भेंट करें तो उसका मूल्य घट जाता है किन्तु वहीं दूसरी ओर साधारण से उपहार को अच्छी पैकिंग कर के दें तो आप बरबस ही उपहार पाने वाले व्यक्ति का मन मोह सकते हैं। उपहार चयन करते समय अपनी इच्छा के साथ-साथ उस व्यक्ति की इच्छाओं का भी ध्यान रखें जिसके लिए आप उपहार खरीद रहे हैं।

नवयुवक-नवयुवतियों को उपन्यास, पेन, डायरी, श्रृंगार के साजो-सामान या फूलों का गुलदस्ता दे सकते हैं। बच्चों को कॉमिक्स, कलर बॉक्स, खिलौने, पहेलियां व चुटकुलों की किताब दे सकते हैं। जहां तक पैंकिग का सवाल है लोग दुकानों में ही कर लेते हैं किन्तु वह न केवल साधारण लगता है वरन खर्चीला भी होता है। अगर कम खर्चे में बेहतरीन ढंग से उपहार देना चाहते हैं तो पांच-दस मिनट समय के साथ साधारण सामान की सहायता से उपहार को आकर्षक रूप दे सकते हैं।

सबसे पहले पैकिंग के लिए रंगीन कागज फूलदार हो या आकर्षक डिजाइन वाला हो। क्रेप-पेपर, रिबन, लेस, सैलो-रंगीन, गोंद, चमकी, सितारे, ताजे फूल, परफ्यूम आदि की व्यवस्था करें। इसके साथ-साथ शुभ कामनाओं का कार्ड भी लगा सकते हैं। पुराने कार्ड को



खूबी से यहां काट कर आकर्षक ढंग से सजाया जा सकता है। उपहार की पैकिंग डिब्बे के साथ या बिना डिब्बों के भी हो सकती है। बने बनाए डिब्बे के साथ पैकिंग करना अधिक सुविधाजनक होता है।

पहले आप दो या तीन गड्डी पेपर लें और डिब्बे के आकार के अनुसार काट लें। टेप से चारों ओर चिपका दें। फिर पेपर को साफ कर पुनः इससे अधिक पेपर काटें और गोटे से अच्छी तरह बांध दें और इसका फूल बना दें। आजकल रंगीन ट्रांस्पेरेट सैलो पेपर के साथ उपहार पैक देने का फैशन है। साटिन के रिबन तथा शुभकामनाओं के साथ उपहार को आकर्षक बनाया जा सकता है। ताजे फूलों को भी चाहें तो आप डायरी या उपन्यास भेंट करते समय लगा सकते हैं। हां, इतना अवश्य याद रखिए कि उपहार के अनुरूप ही पैकिंग की सजावट करें, जैसे उपन्यास या डायरी पर चमकी या गोटे न लगे हों या कैसेट की पैकिंग पर ताजे फूल लगाकर न दें।

अगर बिना डिब्बे के उपहार पैक करने की सोच रहे हैं तो आप उपहार को सादे लिफाफे से अच्छी तरह से लपेट लें, उसके बाद बाद ही रंगीन कागज चढ़ाएं। अंत में रंगीन रिबन लगा कर भेंट करें। बच्चों को उपहार देते समय उपहार के ऊपर ही स्टिकर लगा कर छोटी-छोटी टाफियां सैलोटेप से लगाकर कर उपहार को आकर्षक बनाकर दे सकते हैं। किसी खास दोस्त या खास व्यक्ति को उपहार देते समय हल्की-सी परफ्यूम छिड़ककर दें या ताजी गुलाब की पंखुड़ियां डिब्बे में डाल कर डिब्बा बन्द करें। याद रखिए आपका उपहार का चयन, उसकी पैकिंग अभिवादन पूर्वक भेंट देने तक के क्रम में आपका व्यक्तित्व झलकता है। (उर्वशी)

# जैतून का तेल करे कमाल



मंगला लक्ष्मण साल्वे

जैतून के तेल का उपयोग आपने पिज्जा तथा पास्ता में किया ही होगा। असल में है भी यह बहुत गुणकारी पर क्या आप जानती हैं कि असल में जैतून का तेल आपकी त्वचा के लिए इसलिए भी गुणकारी है क्योंकि यह त्वचा के पोरों को बंद किए बगैर ही सीधे त्वचा में जाकर पोषण प्रदान करता है जिससे त्वचा आसानी से सांस लेती है। यह आपकी त्वचा, बालों और नाखूनों के लिए वरदान है। आइए जानते हैं इस बारे में।

### कसी हुई त्वचा के बारे में:-

यदि आपकी त्वचा मुरझाई सी लगती है तो सिर्फ तेल लेकर इसे लगाइए। 10 मिनट छोड़ दीजिए। फिर धो लीजिए हो गया न आपका चेहरा चमकदार। इसे लगभग रोज ही करिए।

### नमी के लिए:-

यदि आपकी त्वचा की नमी खोई खोई लगती है तो आपको जैतून के तेल में भीगी हुई मुलतानी मिट्टी तथा एवोकेडो मिला कर लगाना चाहिए। 10 मिनट बाद धो लें और कमाल देखें।

### क्यूटिकल तथा नाखूनों के लिए:-

यदि आपकी क्यूटिकल उखड़ी सी लगती है और नाखून जल्दी टूट जाते हैं तो थोड़े से गर्म तेल में अपने नाखूनों को आधा घंटे तक डुबोकर रखे।

### रूखे हाथों के लिए:-

यदि आप के हाथ बहुत रूखे हो गए हैं और मेनि क्योर करने का समय नहीं है तो जैतून का तेल हाथों में अच्छी तरह मसलें और दस्ताने पहनकर सो जाएं। सुबह तक आपके हाथ होंगे नर्म और मुलायम।

### लाजवाब लिप्स के लिए:-

रात को होंठों पर जैतून के तेल की हल्की मालिश करें। सुबह फर्क देख लें।

### स्नान से ताजगी:-

स्नान से ताजगी पाने के लिए अपने टब या बकेट में एक या दो चम्मच जैतून का तैल तथा कुछ बूंदें अपने मनपसंद सुगांधित तेल की डालें।

### झुर्रियों से छुटकारा:-

झुर्रियों से छुटकारा पाना चाहती हैं तो जैतून के तेल में नींबू का रस मिलाकर लगाएं।

### बालों की खूबसूरती:-

जैतून के तेल की सिर में अच्छी तरह मसाज के बाद आप हल्के गर्म टावल से इसे ढक लें। फिर आधे आधे के बाद सिर धो डालें। इससे बालों की 70 प्रतिशत समस्या अपने आप हल हो जाएगी।

ये थे कुछ टिप्स जो सिर्फ जैतून तेल के लिए प्रयोग से ही किए जा सकते हैं लेकिन यह भी ध्यान रखना चाहिए कि जैतून का तेल बहुत ज्यादा केमिकली प्रोसेस्ड न हो। (उर्वशी)

# घर का आईना है स्वच्छ किचन



सुमित्रा यादव

किसी भी घर का आईना उसकी 'स्वच्छ रसोई' से स्पष्ट परिलक्षित होता है। गृहिणी अपनी गृहस्थी में अधिकतर समय किचन में ही बिताती है और किचन को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने का कार्य भी वह अपने सुघड़ एवं सधे हाथों से करती है। अनेक घरों में ऐसा भी देखने में आया है कि वे अपनी बाहरी सजावट तो करेंगे जैसे बेडरूम, ड्राइंग रूम को तो अच्छी तरह सजा कर रखेंगे किन्तु 'किचन' को उपेक्षित छोड़ देते हैं।

साफ सुथरी व्यवस्थित रसोई पूरे परिवार को स्वस्थ रखने में सक्षम होती है। गृहिणी का भी समूचा व्यक्तितव रसोईघर में जाने से ही नजर आ जाता है।

थोड़ी सी सूझबूझ एवं समझदारी से रसोई को हमेशा स्वच्छ एवं चमकदार रख सकते हैं। आइए निम्न बातों पर गौर कर इन्हें अमल में लाएं।

■ रसोईघर की सफाई नियमित करें। छतों, दीवारों, दरवाजों, खिड़कियों में फैले जालों को नियमित साफ करते रहें।

■ फिनाइलयुक्त पानी से दो-तीन बार पोंछा लगाएं।

■ गैस में कोई चीज गिर जाने पर तुरंत पोंछें।

■ रसोई में प्रयुक्त सभी सामानों की सूची बनाकर उन्हें व्यवस्थित एवं सहेज कर रखें।

■ खाद्य सामग्री रखे जाने वाले डिब्बे, कनस्तर, बर्तनों को 15 दिन में साफ करते रहें एवं उनके ढक्कन कसकर बंद रखें।

■ रसोईघर को सीलन, आर्द्रता से बचायें अन्यथा कीड़े-मकौड़ों के पनपने की आशंका बढ़ जाएगी।

■ इसके लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव समय-समय पर करते रहना चाहिए।

■ रसोई में कचरे का ढेर न लगायें। कचरे के डिब्बे को भी नियमित साफ करें।

■ रसोई में प्रयोग करने के लिये छोटे-छोटे टॉवेल या नेपकिन का ही उपयोग करें, पुराने कपड़ों का नहीं। हां, रात्रि में सोने से पूर्व प्रयोग में लाए गए कपड़े को अवश्य धोएं।

■ जूठे बर्तनों को यूं ही खंगाल कर सिंक में न डालें वरन तुरंत ही अच्छी तरह धो पोंछ कर रखें।

■ रसोई में भोजन तैयार करने के पूर्व सभी आवश्यक सामग्री को एक जगह रख लें।

■ भोजन बनाने के पूर्व अपने हाथ-पैरों को अच्छी तरह धो लें।

■ रसोई में भोजन व सभी खाद्य पदार्थों को हमेशा साफ जगह में ढक कर रखें।

■ रात्रि में सोने से पूर्व रसोई की पूरी सफाई कर लें। सुबह के समय रसोई को देख आपका मन दुगुने उत्साह से काम करने का होगा।

■ अतः प्रत्येक गृहिणी को चाहिए कि वह रसोईघर को हमेशा साफ सुथरा रखें क्योंकि उसकी गृहस्थी का आईना स्वच्छ किचन ही होता है। (उर्वशी)

# सफल दांपत्य के लिए

उषा जैन 'शीरीं'

अक्षत और आशिमा की शादी को चालीस बरस होने को आए हैं। दोनों बेटे अपनी-अपनी गृहस्थी में रम गए। अक्षत को नौकरी से रिटायर हुए पांच बरस हो जाएंगे। वे एक बड़ी कंपनी के जनरल मैनेजर के पद से रिटायर हुए हैं। दोनों पति पत्नी के दांपत्य जीवन में कई उतार चढ़ाव आए हैं।

अफसरी के अहंकार में अक्षत का बिहेवियर आशिमा के साथ कई बार बहुत अनुचित रहा लेकिन चूंकि आशिमा बेहद सहनशील और धैर्यवान स्त्री रही हैं, उन्होंने अपने दांपत्य को बिखरने नहीं दिया। वह बात को पति के शांत होने पर आराम से डिसकस कर उन्हें उनकी गलतियां बता देती।

अक्षत स्वभाव से गुस्सैल थे। उन्हें अपने क्रोध पर जरा भी काबू न था। वैसे वे स्वभाव के बहुत अच्छे थे। हमेशा दूसरों का सोचने वाले कर्मठ कर्तव्यपरायण और साफ दिल के थे। उनके इन्हीं गुणों पर पत्नी फिदा थी। वह इस बात को अच्छी तरह रिएलाइज करती थी कि पति के पास सोने का दिल है। उनकी तपस्या का फल उन्हें बुढ़ापे में मिल रहा था। आज की तारीख में पति उनके बेदाम के गुलाम बन गए थे, पूरी तरह समर्पित उन पर जान छिड़कने वाले।

अब पत्नी का अपर हैंड था लेकिन आशिमा इसका बेजा फायदा नहीं उठाती थीं। वे भी पति का उतना ही आदर करती। उन्हें मन से प्यार करती थी। अब वे दूध पानी की तरह एक दूसरे में समाहित युगल थे जो पल भर अलग नहीं रहते थे। अपनी हर बात हर सुख दुख शेयर करते थे। खूब खुश रहते, हंसते



बतियाते, लोगों की अच्छाई बुराई की विवेचना करते। फिल्म समाज, म्यूजिक साहित्य, मनोविज्ञान और करंट टॉपिक्स डिस्कस करते। साथ-साथ गाते नाचते देश विदेश घूमते और खेलते। जिन्दगी का सफर सुहाना कट रहा था।

### सब्र और धैर्य:-

आज कितने लोगों का दांपत्य सुहाना है? जिस तरह आशिमा ने सब्र और धैर्य से काम लिया, आजकल की युवतियों में यह क्वालिटी देखने को नहीं मिलेगी क्योंकि उनमें आर्थिक स्वातंत्र्य को लेकर अहंकार समा गया है। फिर स्त्रियों को समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने वाली संस्थाओं की प्रेजुडिस्ड महिलाएं उन्हें गलत राह दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ती लेकिन अपने भले बुरे की समझ उनमें होनी चाहिए जो सिर्फ उन्हें घर परिवार से मिल सकती है। स्कूल कॉलेजी शिक्षा को नैतिकता और उनके व्यक्तित्व से कुछ वास्ता नहीं होता। वे सिर्फ नौकरी दिलाने के लिए हैं।

### दोस्तों की तरह रहें

घर में एक खुशी भरा माहौल तभी रहेगा जब पति पत्नी जिगरी दोस्त बनकर रहें। पति अपनी परमेश्वरी के दिन भूल जाएं। पत्नी को डोरमैट समझने की भूल न करें। उसे पूरा मान सम्मान दें और उसकी राय को महत्त्व दें।

आज पति पत्नी दोनों नौकरी पर जाते हैं। पति को चाहिए कि वो पत्नी पर घर बाहर दोनों की जिम्मेदारी पूरी तरह न डालें बल्कि घर के काम में उसका हाथ बंटायें। उसे कैरियर में आगे बढ़ने के लिए सहयोग दें और प्रोत्साहित करें। पत्नी को भी पति की भावनाओं को समझना चाहिए और उनके मूड की परवाह करनी चाहिए। अगर उन्हें ऑफिस की कोई टेंशन है तो उन्हें सांत्वना देनी चाहिए।

### सैक्स लाइफ को उपेक्षित न करें

सैक्स सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि शरीर की जरूरत है। यह एक शारीरिक व मानसिक व्यायाम है जो तन और मन को रिलैक्स करता है, शरीर, मन व दिमाग को स्वस्थ रखता है, पति पत्नी में नजदीकियां बढ़ाता है और टेंशन व चिंता दूर कर पति पत्नी को तरोताजा रखता है। सैक्स को वैवाहिक जीवन का आधार स्तंभ माना जाता है। उम्र भले ही कितनी हो, शारीरिक संबंधों को उपेक्षित न करें नहीं तो दांपत्य में दरार आते देर नहीं लगेगी।

### दांपत्य में उपहारों का महत्त्व

उपहारों से एक दूसरे के प्रति प्यार बढ़ता है, खुशी मिलती है। लगता है कि साथी को मेरा कितना ख्याल है। दरअसल जीवन के ऊबाऊपन को मिटाने का यह एक कारगर तरीका है। जन्मदिन पर दोनों को उत्सुकता रहती है कि उन्हें क्या गिफ्ट मिलने वाला है। गिफ्ट रैपर को खोलने का रोमांच महसूस ही किया जा सकता है। गिफ्ट की कभी कीमत न देखें बल्कि वो प्यार देखें जो उसमें समाहित हैं।


### एक दूजे के लिये समय निकालें

आज की व्यस्त जिन्दगी में समयाभाव रहता है लेकिन फिर भी साथी के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त बिताने का प्रयत्न करें। ये पल अनमोल हैं, ऐसा मानकर चलें। साथ रहते साथी को स्पर्श की अनुभूति दें। उनसे लिपटना, चिपटना, चुंबन देना, ये सब ऐसी अदाएं हैं जिस पर हर पति फिदा होगा। गलतफहमियां नहीं पनपेंगी। जो हैं वो दूर होंगी।

अपनी खुशी और गम दोनों साथी के साथ बांटें। उनकी परेशानियों को समझें और उचित राय दें। खुशी बांटने से दुगनी हो जाती है और गम आधा। एक दूसरे का सहारा बनेंगे तो सुरक्षित अनुभव करेंगे। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर पोहा



पोहा एक हल्का, हेल्दी और झटपट बनने वाला नाश्ता है। लेकिन कई लोगों की शिकायत होती है कि पोहा बनाने के बाद चिपचिपा हो जाता है और उसका स्वाद भी खराब लगता है। अगर आप सही तरीके से पोहा धोते हैं और उसे हल्के हाथों से पकाते हैं, तो आपका पोहा कभी भी चिपचिपा नहीं बनेगा। ये छोटी-छोटी टिप्स आपके नाश्ते को परफेक्ट और स्वादिष्ट बना देंगी। अगर आप भी चाहते हैं कि आपका पोहा हर बार खिला-खिला और टेस्टी बने, तो ये आसान टिप्स जरूर अपनाएं।

### खिला-खिला पोहा बनाने के लिए सामग्री

2 कप पोहा (मीडियम थिक)
1 प्याज (बारीक कटा)
1-2 हरी मिर्च
मूंगफली
करी पत्ता
हल्दी
नमक स्वादानुसार
नींबू रस
हरा धनिया

### बनाने की विधि

स्टेप 1- पोहा को छलनी में डालकर हल्के पानी से 1-2 बार धोएं। ध्यान रखें कि इसे पानी में भिगोकर न रखें, वरना यह चिपचिपा हो जाएगा।

स्टेप 2- धोने के बाद 5 मिनट के लिए छोड़ दें ताकि वह हल्का सॉफ्ट हो जाए।

स्टेप 3- कढ़ाई में तेल गर्म करें, फिर उसमें राई, करी पत्ता, मूंगफली और हरी मिर्च डालकर भूनें।

स्टेप 4- अब कटा हुआ प्याज डालकर हल्का गोल्डन होने तक भूनें।

स्टेप 5- हल्दी और नमक डालें, फिर पोहा डालकर हल्के हाथों से मिलाएं।

स्टेप 6- ऊपर से नींबू रस और हरा धनिया डालें और गैस बंद कर दें।

### पोहा खिला-खिला बनाने के सीक्रेट टिप्स

▲ पतला पोहा इस्तेमाल न करें।
▲ ज्यादा पानी बिल्कुल न डालें।
▲ पकाते समय ज्यादा चलाएं नहीं।
▲ हमेशा मीडियम आंच पर बनाएं।
▲ नींबू रस अंत में ही डालें।

### पोहा बनाते समय इन गलतियों से बचें

▲ पोहा को पानी में भिगो कर न रखें।
▲ ज्यादा देर तक पकाए नहीं।
▲ बहुत ज्यादा मसाले न मिलाएं।
▲ पकाते समय बार-बार चलाएं या मिलाएं नहीं।

## मेरा एकमात्र लक्ष्य अपनी टीम के लिए मैच जीतना है: रघुवंशी



**मुंबई:** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी का कहना है कि वह अपनी टीम के प्रदर्शन के आधार पर अपने खेल का आकलन करते हैं और इसके साथ ही वह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर के रूप में अपने कौशल को बढ़ाने पर लगातार काम कर रहे हैं। जिस टीम में न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट और भारत के अनकैप्ड (जिन्होंने अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ी तेजस्वी दहिया विशेषज्ञ विकेटकीपर के रूप में मौजूद हैं, उसमें रघुवंशी का विकेट के पीछे का कौशल केकेआर के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है क्योंकि उनकी टीम के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में सही संयोजन तैयार करना एक चुनौती होगी। रघुवंशी ने पीटीआई से कहा, 'घरेलू क्रिकेट की मेरी टी20 टीम मुंबई को विकेटकीपिंग के लिए मेरी जरूरत थी, इसलिए मैंने इसे स्वीकार किया। यह एक नई चुनौती थी जिसने मुझे बहुत मजा आया। मैंने बहुत अभ्यास किया है और अब देखते हैं कि परिणाम कैसा निकलता है।'' भारतीय टीम में सभी प्रारूपों में जगह पाने की होड़ तेज हो रही है तथा यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा जैसे विशेषज्ञ बल्लेबाज भी लगातार अपनी गेंदबाजी कौशल को निखारने में जुटे हैं, ऐसे में रघुवंशी को भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचता। मैं बस अपने खेल को जितना हो सके बेहतर बनाने पर ध्यान देता हूं। क्रिकेट काफी गतिशील खेल है और इसलिए मैं अपनी बल्लेबाजी के साथ-साथ अपने फील्डिंग कौशल और विकेटकीपिंग कौशल पर भी लगातार काम कर रहा हूं। मैं जितना हो सके उतना बेहतर बनने की कोशिश कर रहा हूं।' इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में ज्यादा मौके नहीं मिले, लेकिन उन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी दोनों टूर्नामेंट में हिस्सा लिया।

# पडिक्कल, कोहली और डफी ने आरसीबी को दिलाई सनराइजर्स पर जीत



**बेंगलुरु :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के अपने पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर जीत से आगाज किया। टीम की जीत में देवदत्त पडिक्कल, विराट कोहली और जैकब डफी का अहम योगदान रहा। 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 15.4 ओवर में चार विकेट पर 203 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। पडिक्कल ने 26 गेंदों में 61 रन की तेज पारी खेली, जबकि कोहली ने 38 गेंदों में नाबाद 69 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 45 गेंदों में 101 रन की साझेदारी मैच का निर्णायक मोड़ साबित हुई। फिल साल्ट के जल्दी आउट होने के बाद पडिक्कल और कोहली ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को संभाला। कप्तान रजत पाटीदार ने भी 12 गेंदों में 31 रन की तेज पारी खेलकर योगदान दिया। अंत में कोहली ने शानदार शॉट लगाकर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने ईशान किशन की 38 गेंदों में 80 रन की शानदार पारी की बदौलत नौ विकेट पर 201 रन बनाए। उन्होंने हेनरिख क्लासेन के साथ 97 रन की अहम साझेदारी की। आरसीबी की ओर से जैकब डफी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिए। उनकी धारदार गेंदबाजी के आगे हैदराबाद की टीम दबाव में रही और अंत में लक्ष्य से पीछे रह गई।

### ब्रेक से तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली, मैं बिना तैयारी के नहीं खेलता : कोहली

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2026 के पहले मैच में छह विकेट से मिली जीत में 38 गेंद में नाबाद 69 रन बनाने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि ब्रेक से उन्हें तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली। कोहली ने मैच के बाद कहा,'' वापिस यहां आकर अच्छा लग रहा है। आखिरी मैच मैने पिछले साल आईपीएल फाइनल खेला था लेकिन हाल ही में वनडे श्रृंखलाओं में जिस तरह से बल्लेबाजी की , उससे मुझे लय हासिल करने में मदद मिली।'' अंतरराष्ट्रीय टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके कोहली ने कहा ,'' मैं वह शॉट्स नहीं खेल रहा था जो आम तौर पर नहीं खेलता । मुझे पता है कि मैं लय में हूं और मैने फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है तो प्रदर्शन अच्छा ही रहेगा । हमारे पास अच्छी शुरूआत का मौका था और हमने वही किया ।''

## काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए टी20 लीग की पेशकश ठुकराई भी : बटलर



**नयी दिल्ली:** इंग्लैंड के सफेद गेंद के क्रिकेट में बेहतरीन विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक जोस बटलर का कहना है कि उन्होंने काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कभी कभी कुछ टी20 फ्रेंचाइजी लीग की पेशकश को ठुकराया भी है। कितना क्रिकेट बहुत ज्यादा होता है, इस पर बटलर ने कहा कि यह पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। बटलर सितंबर में 36 साल के हो जाएंगे लेकिन वह अब भी इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद की जिम्मेदारी उठा रहे हैं और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लगातार 11वें सत्र में लोकप्रिय टी20 बल्लेबाज के तौर पर भी खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के साथ उनका यह दूसरा सत्र होगा। तो क्या वह ऐसे मोड़ पर आ गए हैं जहां उन्हें फ्रेंचाइजी और देश में से किसी एक को चुनना पड़ सकता है? इस पर उन्होंने कहा, 'मैं जहां खेल रहा हूं, वहीं पर अपना पूरा ध्यान लगा रहा हूं। मेरे सामने जो है, उसे देखता हूं और उसी के हिसाब से खेलता हूं।' बटलर ने मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के पहले मैच से पहले पीटीआई के साथ एक खास बातचीत में कहा, 'निश्चित रूप से अभी आईपीएल ही सबसे अहम है।' उनका मानना है कि प्राथमिकता को देखते हुए सोच-समझकर फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा, 'कुछ समय बाद, आप पीछे मुड़कर देखते हैं और सोचते हैं कि मैं अपने करियर में किस मोड़ पर हूं? मेरे लिए क्या जरूरी है?' बटलर ने कहा, 'मैं इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद का क्रिकेट खेलता हूं। इसलिए मुझे लगता है कि अब मेरे पास एक ऐसा कैलेंडर है जिसे मैं काफी अच्छे से संभाल सकता हूं।'

## धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे



**नयी दिल्ली:** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी पिंडली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले दो सप्ताह में नहीं खेल पाएंगे। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीएसके ने बयान में कहा, 'महेंद्र सिंह धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। इस कारण उनका आईपीएल 2026 के पहले दो सप्ताह में खेलने की संभावना नहीं है।' धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से आईपीएल खेलना जारी रखा है। इस 44 वर्षीय खिलाड़ी के आईपीएल में भविष्य को लेकर प्रत्येक सत्र में कयास लगाए जाते हैं। धोनी अब सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं इसलिए उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखना और भी मुश्किल हो जाता है। रुतुराज गायकवाड़ हालांकि टीम के कप्तान हैं, लेकिन टीम की रणनीति धोनी के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह आईपीएल की शुरुआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं। धोनी ने पिछले आईपीएल में 14 मैच खेले थे और निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए फिनिशर की भूमिका निभाई थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से उन्हें घुटने की समस्या से बार-बार जूझना पड़ा है और 2023 में उनकी सर्जरी भी हुई थी।

# केकेआर की कमजोर दिख रही टीम के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार होगा



**मुंबई :** खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है। मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पिछले साल हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है। रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था। इसलिए मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंतिम एकादश में उचित संयोजन तैयार करना होगा। उसकी टीम शुरुआत में कुछ मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि अक्सर वह अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही है। मुंबई में खेलने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स में कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के रूप में कुछ स्थानीय खिलाड़ी भी नजर आएंगे लेकिन उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है जिसका मुंबई इंडियंस पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा।

## जयवर्धने को 2013 से मुंबई इंडियंस के पहले मैच में हार के सिलसिले को तोड़ने की उम्मीद



**मुंबई:** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीम के 13 साल पुराने पहले मैच में हारने के सिलसिले को तोड़ने का सिर्फ एक ही तरीका है, अच्छा क्रिकेट खेलना। जयवर्धने ने शनिवार को कहा कि 2012 के बाद से सत्र का पहला मैच गंवाने के बावजूद टीम की तैयारी का फोकस मैदान पर रणनीति का कार्यान्वयन ही है। मुंबई इंडियंस हमेशा आईपीएल में धीमी शुरुआत करने वाली टीम रही है। टीम ने आईपीएल में आखिरी बार अपना पहला मैच अप्रैल 2012 में जीता था जिसमें उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से हराया था। टीम रविवार को यहां तीन बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना करेगी। जयवर्धने से सबसे पहला सवाल यही पूछा गया कि क्या मुंबई की टीम इस बार पहले मैच में हार के सिलसिले को तोड़ पाएगी तो उन्होंने कहा, 'यह बड़ी समस्या है, लेकिन हमारे पास अलग तरीके से तैयारी करने का कोई रास्ता नहीं है।' उन्होंने कहा, 'अगर आप उन मुकाबलों को देखें तो हमारे मैच काफ़ी करीबी रहे, लेकिन हम हार गए। मैंने खिलाड़ियों से पहले मैच में पूरी शिद्दत के साथ खेलने के बारे में बात की है। मुझे लगता है कि बस यही एक चीज है जिसे हम नियंत्रित कर सकते हैं।'

### भारत की पुरुषों की चार गुणा 400 मी और मिश्रित चार गुणा 100 मी रिले टीम का अच्छा प्रदर्शन

**चंडीगढ़:** भारत की पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर और मिश्रित चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने शनिवार को यहां अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण रिले प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मई में बोत्सवाना में होने वाली विश्व एथलेटिक्स रिले के लिए क्वालीफाई करने की दिशा में कदम बढ़ाया। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर टीम में मनु टीएस, अमोज जैकब, डी चौधरी और राजेश रमेश शामिल थे। उन्होंने 3:01.43 सेकंड के समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। इस प्रदर्शन से उनकी स्थिति काफी मजबूत हुई है। वे बोत्सवाना के गैबोरोन में दो-तीन मई को होने वाली विश्व एथलेटिक्स रिले में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## आईपीएल के पहले मैच से पहले खिलाड़ियों और अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखा

**बेंगलुरु:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले मैच से पहले खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखकर उन 11 प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी जिनकी पिछले साल हुई भगदड़ में जान चली गई थी। पिछले साल जून में आरसीबी के पहले आईपीएल खिताब की जीत के जश्न के दौरान शहर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ में यह अप्रिय घटना हुई थी। जश्न मनाने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई थी और गेट पर बहुत ज्यादा भीड़ हो गई जिससे भगदड़ मच गई जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हुए और 11 लोगों की मौत हो गई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 का उद्घाटन समारोह को पहले ही रद्द कर दिया था। श्रद्धांजलि के तौर पर स्टेडियम की 11 सीटों को हमेशा के लिए खाली रखने का फैसला किया गया है। ये सीटें इस स्टेडियम में होने वाले भविष्य के सभी आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान हमेशा खाली रहेंगी। पहले मैच के दिन राज्य के गृह मंत्री और केएससीए के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने स्टेडियम के अंदरूनी प्रवेश द्वार के पास एक स्मारक पट्टिका का अनावरण किया। मैच से पहले वार्म-अप के दौरान आरसीबी के सभी खिलाड़ियों ने 11 नंबर वाली जर्सी पहनी थी। इस दुखद घटना के बाद भीड़ प्रबंधन के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए लगभग सात करोड़ रुपये का निवेश किया गया।

## निकिता ने मेजबान छत्तीसगढ़ के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता

**रायपुर:** भारोत्तोलक निकिता ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' (केआईटीजी) 2026 में मेजबान छत्तीसगढ़ का स्वर्ण पदक का इंतजार खत्म किया जबकि ओडिशा की महिला तैराकों ने शनिवार को यहां चौथे दिन तैराकी में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीत लिए। निकिता ने महिलाओं की 77 किग्रा स्पर्धा में अपना दबदबा बनाते हुए दिन की आखिरी स्पर्धा में आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं ओडिशा ने रितिका मिंज (100 मीटर फ्रीस्टाइल), अंजली मुंडा (50 मीटर बैकस्ट्रोक) और चार गुणा 100 मेडले रिले टीम के स्वर्ण पदक जीते। अंजली ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीते जिनमें से चार उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में हासिल किए। तालिका में कर्नाटक 15 स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ओडिशा सात स्वर्ण, तीन रजत और 10 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है।



## केंद्र सरकार का शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेजी से विस्तार पर जोर

**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच पीएनजी नेटवर्क को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक ही जगह सभी प्रकार की मंजूरी प्रणाली, शहरी नियोजन में गैस पाइपलाइन का एकीकरण और अंतिम-छोर तक 'कनेक्टिविटी' में सुधार सहित प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख किया। उन्होंने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्य प्रतिनिधियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में 50 लाख नए पीएनजी (पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस) कनेक्शन प्रदान करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का उल्लेख किया। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अधिकारियों ने देश में पीएनजी विस्तार को धीमा करने वाली प्रमुख बाधाओं को जिक्र किया, जिनमें नगरपालिका अनुमतियों में देरी, मार्ग अधिकार (आरओडब्ल्यू) अनुमोदन और उच्च बहाली यानी मरम्मत शुल्क शामिल हैं। राज्यों ने ऐसे शुल्कों को युक्तिसंगत बनाने या माफ करने तथा समयबद्ध मंजूरी प्रणालियों को अपनाने की आवश्यकता बतायी। शहरी क्षेत्रों में मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से पीएनजी में चरणबद्ध परिवर्तन पर व्यापक सहमति है। सेवा व्यवधानों से बचने के लिए उपभोक्ता जागरूकता उपायों का समर्थन किया गया है।। मनोहर लाल ने पीएनजी कवरेज के विस्तार के लिए मिशन-आधारित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया और आर्थिक विकास के इंजन के रूप में शहरों की भूमिका पर जोर दिया। पुरी ने बदलते वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य का जिक्र किया और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए पीएनजी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की जरूरत बतायी। पेट्रोलियम मंत्री ने राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों को विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां बुनियादी ढांचा पहले से ही उपलब्ध है, पीएनजी को अपनाने को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने को कहा।

## नोएडा हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ानें 45-60 दिनों में होंगी शुरू: नायडू

**नयी दिल्ली:** नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने शनिवार को कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाणिज्यिक उड़ानें अगले 45 से 60 दिनों में शुरू हो जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए) का उद्घाटन शनिवार को किया। नायडू ने कहा कि हवाई अड्डे से उड़ानें 45 से 60 दिनों में शुरू हो जाएंगी। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि हवाई अड्डे की सुरक्षा योजनाओं पर काम चल रहा है और इंडिगो हवाई अड्डे से उड़ानें शुरू करने के लिए उत्सुक है।

# डब्ल्यूटीओ में आम सहमति, एमएफन नियम वैश्विक व्यापार संतुलन के लिए महत्वपूर्ण: पीयूष गोयल



**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन में सबकी सहमति से होने वाली निर्णय प्रक्रिया, सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) नियम और विशेष एवं अलग व्यवहार वैश्विक व्यापार में संतुलन सुनिश्चित करने के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मूलभूत सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता बतायी। मंत्री ने कैमरून के याउंडे में चल रहे डब्ल्यूटीओ के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दौरान नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईडे और ब्रिटेन के व्यापार नीति राज्य मंत्री क्रिस ब्रायंट के साथ हुई अपनी बैठक में ये बातें कहीं। ये दोनों डब्ल्यूटीओ में सुधारों के लिए सुविधाकर्ताओं की भी भूमिका निभा रहे हैं। गोयल ने सुधार, प्रासंगिक और प्रभावी डब्ल्यूटीओ के लिए भारत के पूर्ण समर्थन को दोहराया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, संगठन के मूलभूत सिद्धांतों, विशेष रूप से सर्वसम्मति आधारित निर्णय प्रक्रिया, एमएफएन नियम आधारित व्यापार और विशेष एवं अलग व्यवहार को बनाए रखना जरूरी है, जो वैश्विक व्यापार में समानता और संतुलन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं।' चार दिवसीय मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) 29 मार्च को समाप्त होगा। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन डब्ल्यूटीओ का निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। इसकी बैठक हर दो साल में होती है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) जिनेवा स्थित 166 सदस्यीय निकाय है जो वैश्विक व्यापार संबंधी मुद्दों का निपटान करता है। यह सदस्य देशों के बीच विवादों का निपटारा भी करता है। भारत 1995 से इसका सदस्य है। डब्ल्यूटीओ सुधार विकसित देशों, विशेष रूप से अमेरिका द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा एक प्रमुख एजेंडा है। भारत इसका समर्थन कर रहा है। लेकिन उसने कहा है कि संगठन के मूल सिद्धांतों को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। डब्ल्यूटीओ का संचालन इसके सदस्य देशों की सरकारों द्वारा किया जाता है। सभी प्रमुख निर्णय सदस्य देशों द्वारा सामूहिक रूप से लिए जाते हैं। ये निर्णय या तो मंत्रियों द्वारा (जिनकी बैठक कम से कम हर दो साल में एक बार होती है) या उनके राजदूतों या प्रतिनिधियों द्वारा (जिनकी नियमित बैठक जिनेवा में होती है) लिए जाते हैं। निर्णय सामान्यतः सर्वसम्मति से लिए जाते हैं।

### भारत ने शुल्क लगाने को उचित ठहराने के लिए 'पारदर्शिता' के दुरूपयोग को लेकर आगाह किया

**नयी दिल्ली:** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए डब्ल्यूटीओ के 'पारदर्शिता' प्रावधान का दुरुपयोग न करें। भारत ने कहा कि 'पारदर्शिता' को निरंतर क्षमता निर्माण सहायता के जरिये समर्थन दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी देश निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का पालन करें। डब्ल्यूटीओ के व्यापार में तकनीकी बाधाओं से संबंधित समझौते में 'पारदर्शिता' एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके तहत, सदस्य देशों को अपनी व्यापार नीतियों, सब्सिडी और नियामक उपायों के बारे में नियमित और स्पष्ट रूप से जानकारी साझा करनी होती है। अमेरिका डब्ल्यूटीओ सुधार प्रस्ताव के तहत अनिवार्य खुलासों पर सख्त नियमों के लिए दबाव डाल रहा है। उसका आरोप है कि कई देश डब्ल्यूटीओ को सब्सिडी, शुल्क या नीतिगत बदलावों की सूचना समय पर नहीं देते हैं। डब्ल्यूटीओ के विकासशील सदस्य देश सैद्धांतिक रूप से पारदर्शिता के महत्व से सहमत हैं, लेकिन अमेरिका द्वारा इसे लागू करने के तरीके पर उन्हें गंभीर आपत्ति है। उभरती अर्थव्यवस्थाएं सूचना न देने पर लगने वाले जुर्माने का विरोध कर रही हैं। उनका तर्क है कि कई देशों में क्षमता की कमी है। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''भारत ने विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे व्यापार में बदले की कार्रवाई के तहत शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए 'पारदर्शिता' का दुरुपयोग न करें। भारत ने कहा है कि सभी सदस्यों, विशेषकर विकासशील देशों को, निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए निरंतर क्षमता निर्माण सहायता की आवश्यकता है।'

## पाकिस्तान, आईएमएफ ने 1.2 अरब डॉलर की राशि को लेकर किया समझौता

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत लगभग 1.2 अरब डॉलर के लिए एक शुरुआती समझौता किया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने शनिवार को बताया कि दोनों पक्षों ने विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) की तीसरी समीक्षा और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और अन्य पर्यावरण अनुकूल पहल ( रेजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी फैसिलिटी) से जुड़ी सुविधा के तहत दूसरी समीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कर ली है। आईएमएफ के प्रतिनिधिमंडल ने 25 फरवरी से दो मार्च तक कराची और इस्लामाबाद में पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ बातचीत की थी, लेकिन उस समय कोई समझौता नहीं हो पाया था। इसके बाद बातचीत ऑनलाइन जारी रही और अंत में मुद्राकोष के अधिकारियों और सरकार के बीच सहमति बन गई।

## रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का निधन

**मुंबइ :** रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का शनिवार शाम मुंबई में निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। वह 87 वर्ष के थे।विजयपत सिंघानिया बेटे एवं समूह के वर्तमान अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गौतम सिंघानिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उनके निधन की जानकारी साझा की। रेमंड समूह के प्रवक्ता ने बताया कि सिंघानिया का मुंबई में निधन हो गया और उनका अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा। पद्म भूषण से सम्मानित विजयपत सिंघानिया एक कुशल पायलट भी थे और उन्होंने 'हॉट एअर बैलून' में सबसे अधिक ऊंचाई हासिल करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने वर्ष 2000 तक रेमंड के चेयरमैन के रूप में दो दशक तक जिम्मेदारी संभाली।गौतम को कंपनी की बागडोर सौंपने के बाद विजयपत ने कंपनी में अपनी पूरी 37 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने बेटे को हस्तांतरित कर दी।

## निकट भविष्य में बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने का जोखिम: वित्त मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** देश में निकट भविष्य का परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। बाहरी झटके विशेष रूप से पश्चिम एशिया संकट, कच्चे माल की उच्च लागत और संभावित आपूर्ति बाधाएं वृद्धि के लिए जोखिम पैदा कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और ठोस घरेलू मांग प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं।वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मार्च माह की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार वैश्विक घटनाओं ने भारत के लिए जटिल और बहुस्तरीय जोखिम पैदा कर दिए हैं। इसका कारण देश एक प्रमुख ऊर्जा आयातक होने के साथ-साथ पश्चिम एशिया क्षेत्र के साथ मजबूत व्यापार, निवेश और धन प्रेषण का जुड़ाव है।

वर्ष 11, पूर्णांक 3545 अंक 011 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in